लखनऊ । वाराणसी । नई दिल्ली

08 नवम्बर 2026 रविवार
वर्ष : 20 अंक: 126
पृष्ठ : 8
वाराणसी
काशी संस्करण
मूल्यः 2.00 रूपए

लोक हस्तक्षेप

Power Of Truth

हिन्दी दैनिक



www.facebook.com/lokhastakshep www.twitter.com/lokhastakshep /Lokhastakshep /Lokhastakshep

www.lokhastakshep.com

योगी सरकार का राज्य कर्मचारियों को दीपावली का तोहफा

1 जुलाई 2026 से मिलेगा बढ़े हुए डीए का लाभ, नवंबर के नियमित वेतन के साथ होगा भुगतान

♦63 फीसदी किया डीए



लखनऊ,संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों को दीपावली के अवसर पर सौगात दी है। प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थानों, शहरी स्थानीय निकायों के नियमित एवं पूर्णकालिक कर्मचारियों, कार्यप्रभारित कर्मचारियों तथा यूजीसी वेतनमान पर कार्यरत पदधारकों का महंगाई भत्ता डीए 3 प्रतिशत बढ़ा दिया है। अब कर्मचारियों को 60 प्रतिशत के स्थान पर 63 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। बढ़ी हुई दर 1 जुलाई 2026 से प्रभावी होगी। इस संबंध में शासनादेश भी शनिवार को जारी किया गया है।

बढ़े हुए महंगाई भत्ते का भुगतान नवंबर 2026 के नियमित वेतन के साथ किया जाएगा। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। योगी सरकार का यह निर्णय प्रदेश के नियमित कर्मचारियों के साथ सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों, शहरी स्थानीय निकायों और अन्य पात्र कर्मचारी वर्गों को राहत देने वाला है। शासनादेश के अनुसार 1 जुलाई से 31 अक्टूबर 2026 तक बढ़े हुए महंगाई भत्ते के एरियर के भुगतान के लिए अलग–अलग श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए व्यवस्था निर्धारित की गई है। सामान्य भविष्य निधि जीपीएफ से जुड़े कर्मचारियों के एरियर की राशि आयकर एवं सरचार्ज की कटौती के बाद निर्धारित सीमा के अंतर्गत उनके भविष्य निधि खाते में जमा की जाएगी। यह राशि 1 नवंबर 2027 तक खाते में जमा रहेगी।

विशेष परिस्थितियों में अंतिम प्रत्याहरण के नियम लागू होंगे। राष्ट्रीय पेंशन योजना एनपीएस से आच्छादित कर्मचारियों के मामले में एरियर की 10 प्रतिशत राशि उनके टियर–1 पेंशन खाते में जमा की जाएगी। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार नियोक्ता के रूप में एरियर की 14 प्रतिशत राशि के बराबर अंशदान भी टियर–1 खाते में जमा करेगी। शेष 90 प्रतिशत राशि पीपीएफ खाते में जमा कराई जाएगी अथवा एनएससी के रूप में दी जाएगी। एनएससी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित राशि नकद प्रदान की जाएगी।सरकार ने सेवानिवृत्त और सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके कर्मचारियों को विशेष राहत दी है।

शासनादेश जारी होने से पहले जिन कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त हो चुकी हैं, जो 1 जुलाई 2026 से शासनादेश जारी होने की तारीख के बीच सेवानिवृत्त हुए हैं अथवा अगले छह माह के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले हैं, उन्हें महंगाई भत्ते के बकाये की पूरी धनराशि नकद दी जाएगी।

दीपोत्सव पर अयोध्या ही नहीं, घरों को भी दीयों से रोशन करें लोग : मुख्यमंत्री योगी



लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोगों से अपील की कि जब अयोध्या में राम मंदिर में दीये जलाए जाएं, तो वे भी अपने घरों और आंगनों में दीये जलाएं। अयोध्या में 10वें दीपोत्सव की तैयारियां जारी हैं। आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दीपक केवल मिट्टी का एक पात्र नहीं, चेतना का जागरण है। वह युगों से हमें सीख दे रहा है कि अंधकार से लड़ना नहीं होता, केवल एक ज्योति जलानी होती है और अंधकार विदा हो जाता है। उन्होंने कहा, मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के आगमन के हर्षोल्लास में सप्तपुरियों में श्रेष्ठ श्री अयोध्या धाम में आयोजित होने वाला पावन दीपोत्सव इसका साक्षात दर्शन कराता है। मुख्यमंत्री ने कहा, आज हम सभी मां सरयू को साक्षी मानकर प्रभु श्री राम की प्राणों से प्रिय नगरी में 10वां दीपोत्सव मनाने जा रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के दीपोत्सव को आस्था, आत्मगौरव और सनातन चेतना के पुनर्जागरण का महापर्व बताते हुए लोगों से अपील की, जब श्री राम जन्मभूमि पर दीप जलें, तब आप अपने–अपने घर–आंगन में भी दीप जलाएं। उन्होंने कहा, आइए, सनातन सत्य के उद्घोष का उत्सव मनाएं। जय जय श्री राम! आदित्यनाथ ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा कि सरयू नदी के तट पर बसी अयोध्या नगरी दिव्य दीपोत्सव के लिए पूरी तरह तैयार है और वहां उत्साह एवं भक्ति का माहौल है। उन्होंने कहा, वर्षों की प्रतीक्षा और करोड़ों सनातनी आस्थाओं का यह पावन प्रतिफल आज पुनः लाखों दीपों की स्वर्णिम आभा बनकर अंधकार पर प्रकाश, सत्य और धर्म की शाश्वत विजय का उद्घोष करने जा रहा है। अवधपुरी का कण–कण आज आह्लादित है, स्पंदित है।

मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी लाल साहू झांसी से गिरफ्तार, करीबी भी पकड़ा गया

एजेंसी,देहरादून। उत्तराखंड की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे के बाद से फरार उनके पति गिरधारी लाल साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी शनिवार को एक अधिकारी ने दी। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने यहां बताया कि साहू को मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने उत्तर प्रदेश के झांसी से शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। उनके एक करीबी सतेंद्र राठौर को उत्तर प्रदेश के बरेली से गिरफ्तार किया गया।

प्रदेश की महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री आर्य द्वारा मारपीट, धोखाधड़ी, जातिसूचक टिप्पणियां करने तथा हत्या की साजिश रचने जैसे गंभीर आरोपों में 15 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद से साहू फरार थे। साहू के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था जिसके बाद पुलिस उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अनेक स्थानों पर दबिश दे रही थी। आर्य ने देहरादून के कैंट थाने में दर्ज कराई गई अपनी प्राथमिकी में कहा था कि साहू ने अपनी पहली शादी और बच्चों की बात छिपाकर उनसे 2004 में शादी की थी और उन्हें यह बात उनके अपने बच्चों के जन्म के बाद पता चली। उन्होंने अपने पति पर स्टाफ कर्मियों के सामने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने तथा उनकी कंपनियों से उन्हें षड्यंत्र करके बाहर करने का भी आरोप लगाया था। मंत्री ने साहू के खिलाफ मामला दर्ज कराने के बाद सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी थी।

पंजाब के 6,507 कंप्यूटर शिक्षकों को दिवाली का बड़ा तोहफा

एजेंसी,चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने दिवाली के मौके पर कंप्यूटर शिक्षकों को तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 6,507 कंप्यूटर शिक्षकों के महंगाई भत्ते में 40 फीसदी की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। इस फैसले के बाद उनका महंगाई भत्ता 181 फीसदी से बढ़कर 221 फीसदी हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि सरकार ने कर्मचारियों की भलाई और उनके सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है। उन्होंने सभी को दिवाली की शुभकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री ने महत्वपूर्ण फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत काम कर रहे 1,007 नॉन–टीचिंग कर्मचारियों की सेवाएं कुछ समय पहले नियमित (रेगुलर) की गई थीं।

मसौदा मतदाता सूची से बाहर लोगों को मिलेगा दोबारा मौका

एजेंसी,नयी दिल्ली । मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मसौदा सूची से बाहर रह गए मतदाताओं को चुनाव आयोग ने एक और मौका देने का फैसला किया है। आयोग ने दिल्ली, हरियाणा, झारखंड समेत सात राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ऐसे मतदाताओं को अंतिम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। इस अभियान के तहत बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर–घर जाकर छूटे मतदाताओं से संपर्क करेंगे और उन्हें गणना फार्म भरने का अवसर देंगे। यह पहल उन मतदाताओं के लिए भी लागू होगी, जिन्हें गणना फार्म दिया गया था, लेकिन निर्धारित समय में फार्म वापस नहीं मिला। ऐसे लोगों का नाम मसौदा मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सका था। आयोग ने निर्देश दिया है कि बीएलओ इन मतदाताओं से संपर्क कर फार्म जमा कराने में मदद करें। साथ ही उनसे यह भी पूछा जाएगा कि वे पहले गणना फार्म क्यों नहीं भर पाए थे। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को दिल्ली, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, तेलंगाना और नगालैंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए। आयोग ने कहा है कि मसौदा सूची से बाहर रह गए मतदाताओं को अंतिम सूची में शामिल करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाएं। इन राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान ऐसे मतदाताओं को अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या दोहरे मतदाता के रूप में चिह्नित किया गया है।



बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी का ऐलान, सीएए के सभी पात्र आवेदकों को 31 दिसंबर तक मिलेगी नागरिकता

एजेंसी,अरनघाटा। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने वादा किया कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के तहत सभी पात्र आवेदकों को नागरिकता देने की प्रक्रिया 31 दिसंबर तक पूरी कर ली जाएगी। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार ने कानून को लागू करने में सहयोग नहीं किया, जिसके कारण हजारों आवेदन लंबित रह गए। अधिकारी ने शुक्रवार को नादिया जिले के अरनघाटा में काली पूजा पंडाल का उद्घाटन करते हुए कहा कि नादिया और पड़ोसी उत्तर 24 परगना जिले में करीब 2.5 लाख आवेदन लंबित हैं। ये दोनों जिले बांग्लादेश की सीमा से लगे हैं और यहां बांग्लादेश से आकर बसे लोगों की बड़ी आबादी है। उन्होंने कहा, सीएए के तहत सभी पात्र आवेदनों का निपटारा 31 दिसंबर तक कर दिया जाएगा। कोई भी पात्र आवेदक



छूटेगा नहीं और निर्धारित समयसीमा के भीतर नागरिकता प्रमाणपत्र जारी कर दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने इस प्रक्रिया में तेजी लाने की जिम्मेदारी ली है और लंबित आवेदनों का निपटारा करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, जिलाधिकारियों को गृह विभाग के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वहीं, आवेदन के सत्यापन की निगरानी और समय पर उनका निपटारा सुनिश्चित करने के लिए उपमंडल अधिकारियों (एसडीओ) को सुनवाई करने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।ि संसद ने दिसंबर 2019 में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पारित किया था।

इस कानून के तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान है।

महाराष्ट्र एटीएस की बड़ी कार्रवाई, ठाणे के ठाकुर्ली से 10 लाख के इनामी नक्सली को किया गिरफ्तार

एजेंसी,ठाणे । महाराष्ट्र एटीएस ने कार्रवाई करते हुए ठाणे जिले के ठाकुर्ली इलाके से एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। यह नक्सली झारखंड के जंगलों का रहने वाला है। सूत्रों ने बताया कि यह पिछले 10 दिनों से ठाकुर्ली में रह रहा था। इस नक्सली पर 10 लाख रुपये का इनाम झारखंड सरकार ने रखा था। आरोपी को शनिवार को एटीएस कोर्ट में पेश करेगी। गिरफ्तार नक्सली का नाम संजय सरोज यादव उर्फ संजय गोदराय उर्फ बुधराम है। इसकी उम्र 45 साल है। यह नक्सली यहां क्यों और किस मकसद से आया था, इसकी जांच की जा रही है। एटीएस यह पता लगाने में जुटी है कि क्या वह ठाकुर्ली में किसी संपर्क में था, क्या किसी संगठन के लिए काम कर रहा था या फिर यहां छिपने के इरादे से आया था। पिछले 10 दिनों में उसकी गतिविधियों और मिलने–जुलने वाले लोगों की भी जांच हो रही है। इससे पहले 24 अक्टूबर को, महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने मुंबई के माहिम इलाके से 33 वर्षीय एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया था। उस पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश–ए–मोहम्मद से जुड़े होने का शक था। आरोपी की पहचान मोहम्मद हसन अबू सरमद अख्तर के रूप में हुई थी। उसे एक गुप्त सूचना के आधार पर महाराष्ट्र एटीएस की कालाचौकी यूनिट ने माहिम मेट्रो स्टेशन के पास से पकड़ा गया था।



सूचना

दीपावली के पावन पर्व पर 08. एवं 09.11.2026 को **लोक हस्तक्षेप** प्रेस एवं कार्यालय में अवकाश रहेगा अतः अगला अंक 11.11.2026 को प्रकाशित होगा

–महाप्रबंधक



दिवाली पर नर्सिंग अधिकारियोंने मनाया काला दिवस!



आगरा,संवाददाता। अपनी 13 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे नर्सिंग अधिकारियों ने दिवाली पर काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन किया। राजकीय नर्सेज संघ के बैनर तले जिला महिला अस्पताल में आयोजित प्रदर्शन में जिले के विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों के नर्सिंग अधिकारी शामिल हुए। प्रदर्शन का नेतृत्व संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश त्यागी और मंडल अध्यक्ष श्रीराम शर्मा ने किया। यह प्रदर्शन करीब एक महीने से कार्य बहिष्कार और काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश त्यागी ने बताया कि एक साल पहले आयोजित अधिवेशन में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संघ की 13 मांगों में से पांच को पूरा करने की घोषणा की थी। इसके बाद 2 फरवरी 2026 को अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष के साथ हुई बैठक में भी मांगों पर सहमति बनी थी। इसके बावजूद अब तक कोई शासनादेश जारी नहीं हुआ है और न ही मांगों पर अमल किया गया है। नर्सिंग अधिकारियों ने गृह जनपद में तैनाती और स्थानांतरण की सुविधा, उच्च पदों पर रिक्तियों के अनुसार प्रमोशन, समय पर एसीपी का लाभ, अस्पतालों में पालना घर की व्यवस्था, सवेतन उच्च शिक्षा की अनुमति और केंद्र सरकार के समान भत्ते देने की मांग उठाई। सतीश त्यागी ने कहा कि नर्सिंग संवर्ग में करीब 90 प्रतिशत महिलाएं हैं, इसके बावजूद उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नर्सिंग अधिकारी लगातार मरीजों की सेवा में जुटे रहते हैं और मरीजों का नुकसान नहीं चाहते, इसलिए हड़ताल से बच रहे हैं। संघ पदाधिकारियों के अनुसार, पिछले एक महीने से आंदोलन किया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं की गईं तो दिवाली के बाद हड़ताल का निर्णय लिया जा सकता है। इनमें सतीश त्यागी, श्रीराम शर्मा, ममता सिंह, जैनवती केसरी, ऊषा शंखवार, सुमन केसरी, प्रकाश शर्मा, प्रवेश त्यागी, राना विनी जैकी, हेमलता, मंजुला, सविता, रेखा गुप्ता, नीरज, बिंदु, सुषमा, मंजरी, शिवानी, प्रियंका, नीलम, रजत कुमार, नीतू, सुलेखा, मनीषा, प्रतिज्ञा और सुमित्रा सहित अन्य नर्सिंग अधिकारी शामिल रहे।

समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतें सुनीं

बाराबंकी,संवाददाता। रामनगर तहसील में शनिवार को जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस हुआ। इसमें जिले के अलग–अलग विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। फरियादियों ने कतार में लगकर डीएम को प्रार्थना पत्र दिए और अपनी समस्याएं बताईं। जिलाधिकारी ने शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करें और फरियादियों को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। हर मामले में तय समय के भीतर कार्रवाई हो और लापरवाही न बरती जाए। पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी ने पुलिस से जुड़ी शिकायतें सुनीं। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों को जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में भूमि विवाद, राजस्व, पुलिस, विकास और अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं लेकर फरियादी पहुंचे। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का निपटारा सिर्फ कागजों पर न हो। शिकायतकर्ता की संतुष्टि को भी प्राथमिकता दी जाए। जिन मामलों में मौके पर जांच जरूरी है, उनमें अधिकारी जाकर जांच करें और उचित कार्रवाई करें। इस मौके पर उपजिलाधिकारी आकांक्षा गुप्ता, तहसीलदार विपुल सिंह, रामनगर थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी राहुल पांडेय और अधीक्षक प्रणव कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

पुलिस ने पटाखे और विस्फोटक सामग्री के साथ आरोपी पकड़ा

बाराबंकी,संवाददाता। रामनगर में पुलिस ने साफेद अहमद को पटाखे और विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, उसके पास से 419 किलो से अधिक सामग्री मिली। साफेद अहमद, वशीर अहमद का बेटा है और ग्राम लोधौरा का रहने वाला है। शनिवार को रामनगर थाने की टीम ने ग्राम लैन में चेकिंग के दौरान उसे पकड़ा। पुलिस ने फुलझड़ी बनाने वाला 10.17 किलो सिल्वर पाउडर, 10. 685 किलो गंधक, 30.545 किलो अमोनियम पाउडर सिल्वर, 15. 825 किलो सफेद सोरा और 16. 675 किलो अमोनियम छीलन



सिल्वर बरामद किया। इसके अलावा 188 किलो फुलझड़ी, 38 किलो बैटरी पटाखा, 80 किलो सुतली बम, 9 किलो अर्धनिर्मित सिंघाड़ा पटाखा, 7 किलो लंबा पटाखा और 8 किलो पलीता मिला। पुलिस ने रामनगर थाने में अपराध संख्या 455/2026 के तहत विस्फोटक अधिनियम की धारा 5/9ख में केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी पता कर रही है। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक रजनीश कुमार पांडेय, कांस्टेबल अविनाश कुमार और प्रमोद कुमार शामिल रहे। रिजर्व कांस्टेबल विमल कुशवाहा और उत्कृष्ट मिश्रा भी टीम में थे।

हनुमत जन्मोत्सव हवन–पूजन के साथ संपन्न

बस्ती,संवाददाता। जिले के गांधी नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय श्री हनुमत जन्मोत्सव समारोह शनिवार को हवन–पूजन और प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान हुए। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी की पूजा–अर्चना की। पांच नवंबर से शुरू हुए समारोह में अखंड रामचरितमानस पाठ और अन्य धार्मिक आयोजन हुए। समापन के दिन दोपहर में हवन–पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर लोक कल्याण और परिवार की सुख–शांति की कामना की। इसके बाद प्रसाद बांटा गया। आयोजन गो–लोकवासी पं. शीतला प्रसाद शुक्ल (राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता) और श्रीमती कृष्णा शुक्ला की प्रेरणा से हुआ। आयोजकों ने कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालुओं का आभार जताया।

दीपावली से पहले सफाई उपकरणों की पूजा

बस्ती,संवाददाता। दीपावली से पहले सफाईकर्मी सूरज चक्रवर्ती ने ग्रामीणों की मौजूदगी में अपने सफाई उपकरणों की पूजा की। इस दौरान दीप जलाकर गांव के लोगों के अच्छे स्वास्थ्य और निरोग जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम पंचायत भवन में हुआ। सूरज चक्रवर्ती ने झाड़ू, फावड़ा, बेलचा और कचरा ढोने को धोकर साफ किया। इसके बाद सभी उपकरणों को पंचायत भवन के कमरे में रखकर पूजा की गई। सूरज चक्रवर्ती ने बताया कि उनके तैनाती वाले गांवों में कई साल से दीपावली की पूर्व संध्या पर यह परंपरा निभाई जा रही है। इसका उद्देश्य स्वच्छता के प्रति सम्मान जताना और ग्रामीणों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करना है।

संक्षिप्त....

ट्रक की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

बाराबंकी,संवाददाता। फतेहपुर के अजीज मऊ गांव में शनिवार दोपहर करीब 12 बजे ट्रक की चपेट में आने से 65 वर्षीय मनीराम यादव की मौत हो गई। वह सड़क पार कर रहे थे। हादसे के बाद ग्रामीणों ने ट्रक चालक को पकड़कर बैठा लिया और फतेहपुर थाने को सूचना दे दी गई है सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी मनीराम के दो बेटे हैं। दोनों की शादी हो चुकी है। उनके नाम मनोज यादव और संजय यादव हैं। दोनों बेटे मौके पर मौजूद थे। मनीराम का घर सड़क किनारे है। हादसे के बाद ग्रामीणों ने ट्रक चालक को पकड़कर बैठा लिया और फतेहपुर थाने को सूचना दे दी गई है सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

खरीदारी के लिए मिठाई और पटाखों की दुकानों पर ग्राहक पहुंचे

बाराबंकी,संवाददाता। दीपावली के लिए सूरजपुर और आसपास के बाजारों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ गई है। शनिवार सुबह से ही दुकानों पर लोग खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। लोग लक्ष्मी–गणेश और सरस्वती की मूर्तियों के साथ रोली, कुमकुम, धूप, दीप, माला–फूल और दूसरी पूजन सामग्री खरीद रहे हैं। चूड़ा, मिठाई, खिलौने और पटाखों की दुकानों पर भी ग्राहक पहुंच रहे हैं। बच्चे अपनी पसंद के दीये, लाइटें और पटाखे खरीदने के लिए माता–पिता के साथ बाजार आ रहे हैं। देवीगंज चौराहे पर पिता के साथ पहुंचे प्रखर दिव्यांश और उनकी बहन संध्या ने फुलझड़ी और चकरघिन्नी खरीदी। दुकानदारों के मुताबिक, धनतेरस से बाजार में अच्छी ग्राहकी है। उन्हें दीपावली तक ग्राहकों की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। बाजार में ग्राहकों की भीड़ को देखते हुए कोतवाली असंद्रा पुलिस तैनात रही।

दहेज उत्पीड़न केस में वांछित आरोपी गिरफ्तार

अमेठी,संवाददाता। मुंशीगंज में पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में वांछित आरोपी अरविंद को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, वह मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार था। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर जिले में वांछित आरोपियों की तलाश का अभियान चल रहा है। मुंशीगंज पुलिस संदिग्ध लोगों, सामान और वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने अरविंद को पकड़ा। पुलिस के अनुसार, अरविंद (25) पुत्र राजेंद्र, ग्राम पूरे कुटुरू का पुरवा, थाना मुंशीगंज, अमेठी का निवासी है। उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 80(2), 85 और 351(3) के साथ दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3ध्4 के तहत केस दर्ज है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक संजय मिश्रा और कांस्टेबल प्रद्युम्न शामिल थे। पुलिस ने लोगों से संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखने पर सूचना देने की अपील की है।

समाधान दिवस जिलाधिकारी ने दिव्यांगों की मांगें सुनी गई

अमेठी,संवाददाता। अमेठी तहसील परिसर में शनिवार को जिलाधिकारी शशांक चौधरी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ। इसमें दिव्यांगों की 21 सूत्रीय मांगों पर सुनवाई की गई। विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। लोगों ने नाली, सड़क, खड़ंजा, बिजली की लाइट और जमीन से जुड़े विवादों सहित कई समस्याओं के लिए आवेदन दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को शिकायतों का समय पर और सही तरीके से निपटारा करने के निर्देश दिए। भारतीय जागृति मिशन दिव्यांग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता ने दिव्यांगों की समस्याओं से जुड़ा 21 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा।

कांग्रेस निशक्तजन प्रकोष्ठ ने दिव्यांगजनों को मिठाई बांटी

अमेठी,संवाददाता। अमेठी बस स्टॉप पर कांग्रेस निशक्तजन प्रकोष्ठ ने दीपावली समारोह किया। इस दौरान दिव्यांगजनों को मिठाई बांटी गई। कार्यक्रम का आयोजन प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पप्पू यादव और जिला महासचिव एडवोकेट दिनेश सिंह यादव के नेतृत्व में हुआ। पप्पू यादव ने दिव्यांगजनों को मिठाई देकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रकोष्ठ का लक्ष्य आगामी चुनाव में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने जिले के दिव्यांगजनों से एकजुट होकर संगठन मजबूत करने की अपील की। कार्यक्रम में पप्पू यादव, एडवोकेट दिनेश सिंह यादव, विपिन गुप्ता, जगन्नाथ मौर्य, गणेश विश्वकर्मा, राधेश्याम, मनोज कुमार, लवकुश यादव, राकेश कुमार, अशोक कुमार और दिनेश कुमार गुप्ता समेत कई दिव्यांगजन मौजूद रहे। कार्यक्रम में लोगों ने एक–दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे व एकजुटता का संदेश दिया।

कैंट स्टेशन पर डॉग स्क्वॉड ने की जांच

आगरा,संवाददाता। दीपावली और छठ पर्व पर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर जांच अभियान चलाया गया। डॉग स्क्वॉड की मदद से स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म और प्रतीक्षालयों की जांच की गई। इस दौरान यात्रियों के सामान की भी तलाशी ली गई। मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल के निर्देशन में स्टेशन निदेशक संतोष त्रिपाठी और सहायक सुरक्षा आयुक्त टीके अग्निहोत्री के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने अभियान चलाया। यात्रियों को रेलगाड़ियों और स्टेशन परिसर में पटाखे, विस्फोटक व ज्वलनशील सामग्री नहीं ले जाने की हिदायत दी गई।

तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

नोएडा,संवाददाता। ग्रेटर नोएडा में इकोटेक–1 कोतवाली पुलिस ने शनिवार दोपहर 1 बजे एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, वह दिवाली से पहले वारदात करने की तैयारी में था। उसके पास से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने आरोपी की शाम 3 बजे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की मदद से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के अंडरपास के पास उसे पकड़ा। आरोपी की पहचान दनकौर क्षेत्र के दादूपुर गांव निवासी सुमित नागर उर्फ डीजे, पुत्र नरेंद्र के रूप में हुई है।

उसके खिलाफ गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद के अलग–अलग थानों में छह मुकदमे दर्ज हैं। इनमें हत्या के प्रयास, लूट, मारपीट, धमकी, अवैध हथियार रखने और गैंगस्टर एक्ट के मामले शामिल हैं। पुलिस ने इकोटेक–1 कोतवाली में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

4 पुलिस कर्मी निलंबित, ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर हुई कार्रवाई

नोएडा,संवाददाता। काम में लापरवाही बरतने पर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने साइबर क्राइम थाने के प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। निलंबित पुलिसकर्मियों में थाना प्रभारी विजय सिंह राणा के अलावा सब इंस्पेक्टर विकास और हेड कांस्टेबल विनय कुमार व कमल शामिल हैं। कार्रवाई के बाद साइबर थाने में नए प्रभारी की तैनाती नहीं की गई है। बताया गया कि साइबर थाने के प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को बिना सूचना दिए दबिश देने के लिए पुलिस टीम रवाना कर दी थी। नियमानुसार इस तरह की कार्रवाई से पहले संबंधित अधिकारियों को जानकारी देना जरूरी था। थाना प्रभारी की ओर से इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को नहीं दी गई। बाद में जब वरिष्ठ अधिकारियों को बिना अनुमति टीम भेजे जाने की जानकारी मिली तो मामले को गंभीरता से लिया गया। प्रारंभिक स्तर पर इसे पुलिस कार्यप्रणाली में लापरवाही मानते हुए थाना प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई।

त्योहारों से पहले पटाखे जलाने को लेकर एडवाइजरी-जारी

- डीएम ने की सावधानी बरतने की अपील

अमेठी,संवाददाता। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने त्योहारों से पहले पटाखे जलाने को लेकर सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने लोगों से सावधानी बरतने और लापरवाही से बचने की अपील की है। प्रशासन ने पटाखे जलाते समय बच्चों की सुरक्षा, सुरक्षित दूरी और आग से बचाव के उपायों का ध्यान रखने को कहा है। साथ ही लोगों से पर्यावरण और आसपास रहने वाले लोगों की सेहत का ध्यान रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की गई है। एडवाइजरी में कहा गया है कि पटाखे हमेशा खुले और सुरक्षित स्थान पर जलाएं। बच्चों को अकेले न छोड़ें और उन्हें बड़ों की निगरानी में ही पटाखे जलाने दें। पटाखे जलाते समय सूती कपड़े पहनें। ढीले और सिंथेटिक कपड़ों से बचें। पटाखे जलाने के लिए मोमबत्ती या लंबी फुलझड़ी का इस्तेमाल करें और उन्हें हाथ में पकड़कर न जलाएं। पटाखे घरों, दुकानों, पेट्रोल पंप, गैस सिलेंडर और अन्य ज्वलनशील वस्तुओं से दूर जलाएं। इस दौरान पर्याप्त दूरी बनाए रखें और आसपास मौजूद लोगों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। फटे या खराब पटाखों को दोबारा जलाने की कोशिश न करें। ऐसे पटाखों पर पानी डालकर सुरक्षित तरीके से हटाएं। प्रशासन ने पटाखे जलाने वाली जगह के पास पानी, रेत और प्राथमिक उपचार किट रखने की सलाह दी है। अस्पतालों, स्कूलों और अन्य संवेदनशील स्थानों के आसपास पटाखे न जलाएं।

ज्यादा धुआं और तेज आवाज वाले पटाखों से बचने को भी कहा गया है। जिला प्रशासन ने बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने की अपील की है। किसी भी दुर्घटना या आपात स्थिति में तुरंत 112 पर सूचना दें और घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं।

मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगी दूसरा कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार

नोएडा,संवाददाता। ग्रेटर नोएडा में शुक्रवार रात दादरी पुलिस और घरों में चोरी करने वाले बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी। पुलिस ने दूसरे आरोपी को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया, जबकि दो साथी फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, सेक्टर ज्यू–3 के पास चेकिंग के दौरान चार लोगों से भरी कार आती दिखी। पुलिस ने कार रोकने का इशारा किया तो चालक उसे मोड़कर भागने लगा। पीछा करने पर कार सवारों ने पुलिस पर फायरिंग की। आरोपी कार छोड़कर जंगल की ओर भागे और पुलिस पर



गोली चलाते रहे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अजय के पैर में गोली लगी। अजय और गिरफ्तार आरोपी समीर, दोनों काशीराम कॉलोनी, दादरी के रहने वाले हैं। दो अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के पास से तमंचा–कारतूस, वारदात में इस्तेमाल स्विफ्ट कार और चोरी का सामान बरामद किया। सामान में सफेद धातु की दो जोड़ी पायल, चार सफेद सिक्के, पीली धातु की एक अंगूठी, सफेद धातु का एक कड़ा, पीली धातु की चेन का एक टुकड़ा और नकदी शामिल है। घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। एडिशनल डीसीपी संतोष कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अपने दो साथियों के साथ ओमीक्रोन–1, ओमीक्रोन–2, म्यू–01, म्यू–02 और पिंक सिटी, दादरी में बंद घरों में चोरी की बात बताई।

डीएम और एसपी दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए

बहराइच,संवाददाता। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र के रामपुर धोबिया गांव स्थित बाबा बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर में जनिवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव पहुंचे। दोनों ने दर्शन कर जलाभिषेक और पूजा–अर्चना की। इसके बाद अधिकारियों ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और साफ–सफाई समेत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दोनों अधिकारी मंदिर परिसर में हुए दीपोत्सव कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर फूल चढ़ाए। बाबा बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर इलाके के श्रद्धालुओं का आस्था केंद्र है। यहां बड़ी संख्या में लोग दर्शन–पूजन के लिए पहुंचते हैं।

समाधान दिवस में दिव्यांगों को दीं ट्राइसाइकिल

बहराइच,संवाददाता। डीएम राजेश कुमार पांडेय और एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने तहसील नानपारा में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। उन्होंने लोगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए। कार्यक्रम से पहले डीएम और एसपी ने दिव्यांगों को तीन ट्राइसाइकिल दीं। बाल विकास विभाग के स्टॉल पर बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। अधिकारियों को शिकायतों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए मौके पर जाने को कहा गया।

शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लगी

बांदा,संवाददाता। जिले के बिसंडा थाना क्षेत्र के अलिहा गांव में बीती रात शॉर्ट सर्किट से एक दुकान में आग लग गई। दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जल गया। गांव के व्यापारी विक्की सिंह पुत्र सुखदेव सिंह ने अपने घर में दुकान खोल रखी है। रात में बिजली के शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लगी और सामान उसकी चपेट में आ गया। विक्की सिंह के पिता सुखदेव सिंह ने बताया कि आग तेजी से फैल गई। गांव के युवक मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में मदद की। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। आग से व्यापारी को आर्थिक नुकसान हुआ है।

दीपावली पर बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ी

आगरा,संवाददाता। सनातन परंपरा के सबसे बड़े प्रकाश पर्व दीपावली को लेकर किरावली कस्बे और आसपास के ग्रामीण अंचलों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। त्योहार के मुख्य पर्व पर कस्बे के मुख्य बाजारों में सुबह से ही खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा बाजार ग्राहकों से पटा नजर आया। हर तरफ छाई रंग–बिरंगी रोशनी और दुकानों पर सजे सामानों ने कस्बे की रौनक में चार चांद लगा दिए हैं। किरावली के मुख्य बाजार, रेलवे स्टेशन रोड, अछनेरा चौराहा और अंदरूनी बाजार गलियों में ग्राहकों का तांता लगा रहा। दीपावली पूजन के लिए भगवान श्री लक्ष्मी–गणेश की आकर्षक मूर्तियां, मिट्टी के



पारंपरिक दीये, डिजाइनर कंदील, वंदनवार और इलेक्ट्रॉनिक झालरों की दुकानों पर सबसे ज्यादा भीड़ देखने को मिली। इसके अलावा खील–बताशे, ड्राई फ्रूट्स, मिठाइयों और नए कपड़ों की दुकानों पर भी देर रात तक खरीदारी करते नजर आए। बाजार में इतनी बड़ी तादाद में ग्राहकों की आमद देखने को मिली, जिससे स्थानीय व्यापारियों के चेहरे खिल उठे हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस बार पिछले वर्षों की तुलना में व्यापार काफी अच्छा चल रहा है और बाजार में जबरदस्त तेजी है। बाजारों में अचानक बढ़ी भीड़ और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण बाजार में दि नभर जाम जैसी स्थिति बनी रही। चौपहिया और दुपहिया वाहनों के एक साथ बाजार में प्रवेश कर जाने से पैदल चलने वाले राहगीरों और खरीदारों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। रुक–रुक कर लग रहे जाम के कारण वाहन रेंग–रेंग कर चलते दिखे। ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त न होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

मारपीट केस के चार आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी,संवाददाता। लोनी कटरा में पुलिस ने मारपीट के एक केस में चार लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें तीन महिलाएं हैं। पुलिस ने उन्हें शनिवार सुबह 7.40 बजे हाथीपुरवा से पकड़ा। पुलिस के मुताबिक, आरोपी हाथीपुरवा मजरे कबलपुर पावरहाउस के पास मिले। यह जगह लोनीकटरा थाने के इलाके में है। मामला अपराध संख्या 335/2026 और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 3(5), 115(2), 352, 351(3) और 103(1) के तहत दर्ज है। गिरफ्तार लोगों की पहचान पवन रैदास, रेखा, ऊषा और सरजू देई के रूप में हुई है। पवन, स्वर्गीय सालिकराम के बेटे हैं। रेखा, मनोज रैदास की पत्नी हैं। ऊषा, पवन रैदास की पत्नी है और सरजू देई, सालिकराम की पत्नी हैं। सभी बाराबंकी जिले के लोनीकटरा थाने के त्रिलोकपुर मजरे गैरवा उस्मानपुर गांव के रहने वाले हैं। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी के दिशा–निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के निर्देश और हैदरगढ़ के क्षेत्राधिकारी की निगरानी में लोनीकटरा पुलिस की टीम गश्त कर रही थी। टीम का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल ने किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को थाने लाया गया। पुलिस ने बताया कि उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

त्योहारों पर अस्पतालों को अलर्ट किया गया

बस्ती,संवाददाता। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) राजीव निगम ने दीपावली और अन्य त्योहारों को देखते हुए शनिवार को कप्तानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों को त्योहारों के दौरान आपातकालीन सेवाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। आग से झुलसने, पटाखों से चोट लगने और अन्य दुर्घटनाओं के मामलों में मरीजों को तत्काल उपचार मिलना चाहिए। इसके लिए अस्पताल में जरूरी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी तथा मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी मरीज को इलाज के लिए अनावश्यक परेशानी न हो और सभी स्वास्थ्य कर्मी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी गंभीरता से करें।

नाबालिग को बहला–फुसलाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

बस्ती,संवाददाता। जिले के सोनहा थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की को बहला–फुसलाकर ले जाने के आरोपी अरुण को पुलिस ने 7 नवंबर को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, लड़की 5 नवंबर को सकुशल मिल गई थी। पुलिस ने बताया कि अरुण को कटेला समय माता मोड़ के पास सुबह 10.40 बजे पकड़ा गया। वह पटखोली पूरब गांव का रहने वाला है और उसकी उम्र करीब 21 साल है। उसे कोर्ट भेजा गया। पुलिस के मुताबिक, लड़की के पिता रामसंवरे ने 29 अक्टूबर को शिकायत दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि अरुण उनकी नाबालिग बेटी को बहला–फुसलाकर ले गया। इस शिकायत पर सोनहा थाने में केस दर्ज किया गया। मामला अपराध संख्या 261/26 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 87 और 137(2) के तहत दर्ज है। पुलिस ने लड़की को 5 नवंबर को ढूंढ लिया था। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के आदेश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई हुई। अपर पुलिस अधीक्षक श्याम कान्त के निर्देशन और रुधौली के क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह की निगरानी में टीम ने कार्रवाई की।

एडीएम ने धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया

बस्ती,संवाददाता। तहसील समाधान दिवस के बाद बस्ती के अपर जिलाधिकारी ने रुधौली में मंडी समिति समेत धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों की सुविधाओं का ध्यान रखने और खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता रखने के निर्देश दिए। एडीएम ने कहा कि धान बेचने के दौरान किसानों को बेवजह परेशानी नहीं होनी चाहिए। सत्यापन या धान खरीद में गड़बड़ी, लापरवाही या मनमानी मिलने पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पड़री, टिकरी और भितेहरा समेत अन्य गांवों के किसान मौजूद रहे।

अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल पर लगी आग,महिला झुलसी

वाराणसी,संवाददाता। भेलूपुर स्थित जवाहर नगर कॉलोनी के कृष्णा अपार्टमेंट में शनिवार सुबह 5 बजे आग लग गई। तीसरी मंजिल के बंद फ्लैट से उठी लपटें डक्ट के रास्ते चौथी और पांचवीं मंजिल तक पहुंच गईं। आग की चपेट में आने से पांचवीं मंजिल पर रहने वाली एक महिला झुलस गई। उनके दोनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दमकल और एनडीआरएफ की टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। महिला को इलाज के लिए बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। आग चेतमणि चौराहे के पास जवाहर नगर कॉलोनी स्थित कृष्णा अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल



पर लगी। फ्लैट बंद था और उसके मालिक घर पर मौजूद नहीं थे। सुबह करीब 5 बजे फ्लैट से धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। धुआं देखकर आसपास के लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। कुछ ही देर में अपार्टमेंट के बाहर लोगों की भीड़ जुट गई। अपार्टमेंट के डक्ट से आग तेजी से ऊपर फैल गई।

तीसरी मंजिल से उठी लपटें चौथी और फिर पांचवीं मंजिल तक पहुंच गईं। पूरी बिल्डिंग में धुआं भर गया। इससे ऊपरी मंजिलों पर रहने वाले लोगों में अफरातफरी मच गई। पांचवीं मंजिल पर रहने वाली एक महिला आग की चपेट में आ गईं। उनका हाथ झुलस गया। हादसे के समय उनके बेटा और बेटी भी फ्लैट में मौजूद थे। दमकल कर्मियों और स्थानीय लोगों ने दोनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। महिला को एंबुलेंस से बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। वहां उनका इलाज चल रहा है। दमकल और एनडीआरएफ की टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई। इसके बाद कूलिंग का काम शुरू किया गया। एहतियात के तौर पर इलाके की बिजली आपूर्ति भी बंद कर दी गई थी। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और अग्निशमन विभाग आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

तालाब में मिला युवक का शव,पिता बोले–हत्या हुई

वाराणसी,संवाददाता। जनपद के बड़ागांव थाना क्षेत्र में शनिवार को एक पोखरे से युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पुआरीकला (बाबा का पुरवा) निवासी अंकुर गिरी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार अंकुर गुरुवार शाम साइकिल से घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। पिता रामदयाल गिरी ने बेटे की हत्या का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस ने पंचायतनामा और पोस्टमार्टम सहित आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार अंकुर गुरुवार को शाम चार बजे साइकिल से घर से निकला था। रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। इसके आधार पर शुक्रवार को थाना बड़ागांव में गुमशुदगी दर्ज की गई और तलाश शुरू हुई। पुलिस के अनुसार शनिवार को ग्राम पूरबपुर स्थित पोखरे में अज्ञात व्यक्ति का शव उतराता हुआ मिलने की सूचना मिली। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। तलाशी में शर्ट की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान अंकुर गिरी पुत्र रामदयाल गिरी के रूप में हुई। स्थानीय लोगों ने भी शव की पहचान की। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। बड़ागांव थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। मृतक के पिता रामदयाल गिरी ने आरोप लगाया कि उनके बेटे की हत्या की गई है। उनके अनुसार शरीर पर कई जगह चोट के निशान हैं और नाखून उखड़े हुए हैं। पुलिस ने इस संबंध में जांच की बात कही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद अपर पुलिस उपायुक्त, गोमती जोन ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फील्ड यूनिट को बुलाकर आवश्यक साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की गई। इस बारे में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने बताया कि तीन भाइयों में अंकुर सबसे बड़ा था और अभी अविवाहित था। स्नातक की पढ़ाई के बाद सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था। उसने हाल ही में रेलवे की ग्रुप डी परीक्षा दी थी। परीक्षा पास करने के बाद 21 नवंबर को उसका मेडिकल होना था। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है।

चार दिसंबर को होगी रिंकू–प्रिया की शादी

लखनऊ,संवाददाता। भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज की शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। दोनों की शादी की तारीख 4 दिसंबर तय हुई है। शादी से पहले प्रिया सरोज सपा प्रमुख अखिलेश यादव और उनके परिवार को न्योता देने पहुंचीं। इस दौरान उनका लाल साड़ी वाला खूबसूरत अंदाज चर्चा में रहा। डिंपल यादव और अदिति यादव अपने सादगी भरे एथनिक लुक में नजर आईं।रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की शादी को लेकर उनके परिवारों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। दोनों 4 दिसंबर को लखनऊ के रमाडा होटल में सात फेरे लेंगे। प्रिया सरोज के पिता और सपा विधायक तूफानी सरोज ने शादी की तारीख और जगह तय होने की पुष्टि की है। दोनों परिवारों की सहमति से विवाह समारोह की तैयारियां की जा रही हैं।शादी का न्योता देने पहुंचीं प्रिया सरोज लाल रंग की खूबसूरत साड़ी में नजर आईं। उन्होंने अपने लुक को पारंपरिक और सादगी भरा रखा। सांसद का यह एथनिक अंदाज लोगों का ध्यान खींच रहा है। प्रिया सरोज आमतौर पर भी सार्वजनिक कार्यक्रमों में साड़ी और सूट जैसे पारंपरिक परिधानों में दिखाई देती हैं।इस मुलाकात के दौरान डिंपल यादव और अदिति यादव का सादगी भरा अंदाज भी खास रहा। डिंपल अपने सिंपल और एलिगेंट एथनिक लुक के लिए जानी जाती हैं। अदिति यादव भी पारंपरिक परिधान में नजर आईं।रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की सगाई 8 जून 2025 को लखनऊ में हुई थी। इस समारोह में अखिलेश यादव, डिंपल यादव समेत राजनीति और क्रिकेट जगत की कई हस्तियां शामिल हुई थीं।

संक्षिप्त....

12 दिसंबर को अयोध्या जाएंगे अखिलेश यादव

लखनऊ,संवाददाता। सपा मुखिया अखिलेश यादव के राम मंदिर दर्शन को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। राम मंदिर का भव्य निर्माण हो चुका है, लेकिन अभी तक अखिलेश यादव रामलला के दर्शन करने नहीं पहुंचे हैं। हालांकि, अब उनके राम मंदिर में दर्शन करने को लेकर तारीख सामने आ गई है। सपा नेता एवं पूर्व मंत्री पवन पांडे ने इसकी पुष्टि की है। सपा नेता पवन पांडे ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अखिलेश यादव पत्नी डिंपल यादव, बेटा और बेटी के साथ रामलला के दर्शन करेंगे। उनका यह दौरा पूरी तरह से धार्मिक होगा। पूरा दिन अखिलेश यादव अयोध्या में बिताएंगे। राम मंदिर दर्शन के पहले अखिलेश यादव हनुमानगढ़ी में भी दर्शन करेंगे। अयोध्या के साधु–संतों से अखिलेश यादव मुलाकात करेंगे और उनका आशीर्वाद लेंगे।

प्रदीप कुमार यादव समाजवादी छात्र सभा के सचिव बने

लखनऊ,संवाददाता। सरोजनीनगर स्थित अमौसी के बेहटवा निवासी प्रदीप कुमार यादव 'मोनू' को समाजवादी छात्र सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सचिव बनाया गया है। समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इमरान ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर उनका मनोनयन किया। डॉ. इमरान ने उम्मीद जताई कि प्रदीप कुमार यादव समाजवादी पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाएंगे और संगठन को मजबूत करेंगे। शनिवार को सरोजनीनगर में स्कूटर इंडिया चौराहे के पास बिजनौर रोड स्थित प्रदीप के कार्यालय पर लोगों ने उन्हें फूलमाला पहनाकर बधाई दी। इनमें दीपक यादव, विनोद शुक्ला, गुड्डू मार्ग, रजनीश यादव, ज्ञान सिंह, गौरव ज्वेलर्स और सुधीर कुमार शामिल थे। लोगों ने डॉ. इमरान और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार भी जताया।

लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ,संवाददाता। काकोरी में पुलिस ने लूट के कुछ मिनट बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से लूटे गए 16,500 रुपए और 550 ग्राम गांजा मिला। घटना 6 नवंबर की शाम की है। दुर्गागंज चौराहे पर चेकिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दो लोग एक व्यक्ति से 16,500 रुपए लूटकर भाग रहे हैं। पुलिस टीम ने दोनों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अभिनव यादव और विकास के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से लूटे गए पूरे 16,500 रुपए बरामद किए। तलाशी में 550 ग्राम गांजा भी मिला। थाना काकोरी प्रभारी निरीक्षक सतीश चन्द्र राठौर के नेतृत्व में पुलिस ने दोनों के खिलाफ लूट और एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया। इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

सड़क पर चढ़ाते समय ट्रैक्टर पलटा

लखनऊ,संवाददाता। माल ब्लॉक की नबीपनाह पंचायत के भगवत खेड़ा गांव में शनिवार को ट्रैक्टर पलटने से चालक अभिषेक यादव उम्र लगभग 23 साल की मौत हो गई। हादसा सुबह खेत से पारा भरकर ट्रैक्टर सड़क पर चढ़ाते समय हुआ। ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह अभिषेक के सीने पर पलट गया। उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। अभिषेक यादव भगवत खेड़ा के रहने वाले थे। उनके पिता का पहले ही देहांत हो चुका था। वह तीन भाइयों में सबसे छोटे थे और किसानी का काम करते थे। परिवार में उनके भाई और अन्य लोगों का रो–रोकर बुरा हाल है।

उप मुख्यमंत्री ने दी देश व प्रदेशवासियों को दीपावली की बधाई व शुभकामनाएं

लखनऊ,संवाददाता। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दीपावली, गोवर्धन पूजा व भाईदूज के पावन व पुनीत पर्व पर देश व प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।उन्होंने अपने शुभकामना सन्देश में कहा है कि यह दीप पर्व सभी के जीवन में सुख,समृद्धि व सम्पन्नता लाये, सभी के जीवन में खुशहाली लाये। इस पर्व पर हम सबको भगवान श्री राम के जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए।दीपावली का यह पावन पर्व अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हर घर में सुख, समृद्धि, शांति और मंगल लेकर आए।आइये,हम सब मिलकर 'स्वच्छता', 'सद्भाव' और 'समृद्धि' के दीप जलाएँ और एक उज्ज्वल व समृद्ध उत्तर प्रदेश व विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लें।

नगर विकास मंत्री ने 'नगरीय सिंधु' पत्रिका का किया शुभारंभ

लखनऊ,संवाददाता। नगरों में हो रहे उत्कृष्ट कार्यों, नवाचारों और नगरीय विकास की नई पहल को प्रदेशभर में साझा करने के उद्देश्य से नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने नगरीय निकाय निदेशालय एवं नगरीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान के तत्वावधान में प्रकाशित होने वाली मासिक पत्रिका 'नगरीय सिंधु' का शुभारंभ किया। इस पत्रिका के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों, विकासपरक योजनाओं, नवाचारों तथा नगरीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों का नियमित आदान–प्रदान किया जाएगा श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के नगरों में स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं, जलापूर्ति, सीवरेज, पर्यावरण संरक्षण और नगरीय प्रबंधन के क्षेत्र में अनेक अच्छे कार्य किए जा रहे हैं। इन कार्यों और नवाचारों की जानकारी दूसरे नगरीय निकायों तक पहुंचना आवश्यक है, ताकि एक नगर में अपनाई गई अच्छी पहल दूसरे नगरों के लिए भी प्रेरणा बन सके।

गंगा में पूजन सामग्री न बहाने की अपील,लोगों को किया जागरूक

वाराणसी,संवाददाता।

वाराणसी में दीपावली के पूर्व और बाद में घरों में पूजा–पाठ के बाद बची हुई सामग्री को गंगा में विसर्जित करने की परंपरा के चलते नदी में प्रदूषण बढ़ता है। इसे रोकने के लिए शनिवार को नमामि गंगे के स्वयंसेवक और नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर राजेश शुक्ला ने लोगों से घर की बची हुई और बासी पूजन सामग्री गंगा या उसकी सहायक नदियों में न बहाने की अपील की। इस दौरान संकठा घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की ओर से चलाए जा रहे निर्मल गंगा अभियान के तहत स्वयंसेवियों ने संकठा घाट से मणिकर्णिका घाट तक लोगों को जागरूक किया। गंगा तट पर सफाई करते हुए लोगों को बताया गया कि पूजन सामग्री और अन्य कचरा नदियों में डालने से जल प्रदूषित होता है। राजेश शुक्ला ने बताया कि वे पिछले 15 वर्षों से प्रतिदिन मां गंगा की सफाई में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि पूजा–पाठ में इस्तेमाल होने वाली सामग्री का अपना महत्व है, लेकिन उसे नदियों में बहाने से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। आमजन के जागरूक होने और अपनी जिम्मेदारी समझने से ही गंगा को स्वच्छ रखा जा सकता है। स्वच्छता केवल सफाई कर्मियों और सरकारी विभागों की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी दायित्व है। उन्होंने लोगों से अपनी सोच बदलने और स्वच्छता को नैतिक जिम्मेदारी मानकर उसका पालन करने की अपील की।


शराब के नशे में किया हमला

लखनऊ,संवाददाता। राजेंद्रानी के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के राजाखेड़ा गांव में एक महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति ने शराब के नशे में प्रेशर कुकर से उसके सिर पर हमला किया। महिला के सिर में पांच टांके लगे। महिला गायत्री के मुताबिक, शनिवार सुबह उसके पति सरवरन ने उसके साथ मारपीट की। प्रेशर कुकर से सिर पर हमला होने से उसका सिर फट गया और खून बहने लगा। वह इलाज के लिए डॉक्टर के पास पहुंची। गायत्री ने बताया कि घटना के बाद उसने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सरवरन वहां से जा चुका था। महिला का आरोप है कि चौटिल हालत में थाने पहुंचने पर उसकी सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद वह तहसील समाधान दिवस में पहुंची और अधिकारियों को अपनी शिकायत बताई।

गायत्री ने बताया कि उसकी शादी को 12 साल हो चुके हैं और उसके दो नाबालिग बच्चे हैं। उसका आरोप है कि पति शराब पीकर अक्सर उसके साथ मारपीट करता है और जमीन बेचकर परिवार को आर्थिक संकट में डाल रहा है।

वनटांगियों संग दीपावली की खुशियां साझा करेंगे सीएम

वनटांगिया गांव में हर साल दीपावली मनाते हैं मुख्यमंत्री



लखनऊ,संवाददाता। गोरखपुर से 15 किलोमीटर दूर कुसम्ही जंगल के बीच बसे वनटांगिया गांव जंगल तिकोनिया नंबर तीन के लोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन की उत्साहपूर्वक प्रतीक्षा कर रहे हैं। गांव में उल्लास और उमंग का माहौल है। वजह भी खास है। सीएम योगी हर साल इस वनटांगिया गांव में दीपावली मनाने आते हैं। यहां हर घर में दीपों की रोशनी अपने योगी बाबा के नाम समर्पित होती है। मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए प्रशासन अपनी तैयारियों में जुटा है तो गांव के लोग भी अपने घर–द्वार को साफ–सुथरा बनाने, रंग–रोगन करने और सजाने–संवारने में लगे हैं। पूरा गांव मिल–जुलकर अपने प्रिय अतिथि की अगवानी की तैयारी कर रहा है। मुख्यमंत्री रविवार 8 नवंबर को एक बार फिर जंगल तिकोनिया नंबर तीन पहुंचकर वनटांगिया परिवारों के साथ दीपोत्सव मनाएंगे और दशकों तक वंचित रहे इस समुदाय के लोगों के साथ दीपावली की खुशियां साझा करेंगे। इस अवसर पर वह 82.41 करोड़ रुपये की लागत वाली 52 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। इनमें वनटांगिया गांव की बाहरी कनेक्टिविटी के लिए इंटरलॉकिंग सड़क, कुसम्ही जंगल में ईको पार्क और पिपराइच में वैश्विक स्तर का बाजार का निर्माण शामिल है। जंगल तिकोनिया नंबर तीन में बतौर सांसद और गोरक्षपीठ के उत्तराधिकारी के रूप में योगी आदित्यनाथ ने वनटांगिया समुदाय के साथ दीपावली मनाने की जो परंपरा शुरू की थी, वह मुख्यमंत्री बनने के बाद भी अनवरत जारी है। उनकी दीपावली की शुरुआत इसी गांव से होती है। इस बार भी सीएम योगी के आगमन को लेकर गांव का हर व्यक्ति उत्साहित है। प्रशासन के साथ ग्रामीण भी अपने बाबा के स्वागत के लिए घर–आंगन को सजाने–संवारने में जुटे हैं। ऐसा होना स्वाभाविक भी है, क्योंकि करीब सौ साल तक उपेक्षा और बदहाली का सामना करने वाले वनटांगिया समुदाय को नागरिक का दर्जा दिलाने और समाज व विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों में योगी आदित्यनाथ की अहम भूमिका रही है।

ब्रिटिश हुकूमत के दौरान जब रेल पटरियां बिछाई जा रही थीं, तब रेलवे स्लीपर बनाने के लिए जंगलों से बड़े पैमाने पर साखू के पेड़ों की कटाई हुई। इसकी भरपाई के लिए अंग्रेज सरकार ने साखू के नए पौधे लगाने और उनकी देखरेख करने के लिए गरीब भूमिहीनों और मजदूरों को जंगल में बसाया। साखू के जंगल विकसित करने के लिए वर्ष देश की स्टांगिया विधि का इस्तेमाल किया गया। इसी विधि से जंगल में रहकर पौधों की देखरेख करने वाले लोग वनटांगिया कहलाए। कुसम्ही जंगल के पांच इलाकों जंगल तिकोनिया नंबर तीन, रजही खाले टोला, रजही नर्सरी, आमबाग नर्सरी और चिलबिलवा में वर्ष 1918 में इनकी पांच बस्तियां बसीं। इसी के आसपास महराजगंज के जंगलों में अलग–अलग स्थानों पर इनके 18 गांव भी बसे। वर्ष 1947 में देश आजाद हुआ, लेकिन वनटांगियों का जीवन गुलामी के दौर जैसा ही बना रहा। जंगल बसाने वाले इस समुदाय के पास देश की नागरिकता तक नहीं थी। 1998 में योगी आदित्यनाथ पहली बार गोरखपुर के सांसद बने। उनके संज्ञान में आया कि वनटांगिया बस्तियों में रहने वाले लोगों का जीवन बेहद कठिन परिस्थितियों में गुजर रहा है। उन्होंने सबसे पहले इन बस्तियों तक शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का संकल्प लिया।

सड़क हादसा, ट्रक से टकराई बस 21 तीर्थयात्री हुए घायल

वाराणसी,संवाददाता। मिर्जामुराद मेंहदीगंज गांव स्थित हाईवे पर शुक्रवार की देर रात दो बजे ट्रक के पिछले हिस्से में तीर्थयात्रियों से भरी बस जा भिड़ी। हादसे में चालक समेत 21 यात्री घायल हो गए। दुर्घटना का कारण बस चालक को नींद आना बताया जा रहा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल यात्रियों को अस्पताल भेजवाया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत भाग निकला। पश्चिम बंगाल प्रांत के नदिया कोतवाली अंतर्गत कृष्णानगर निवासी चालक समूल अचार बस में महिला–पुरुष 60 यात्रियों को लेकर बीते 28 अक्टूबर को दर्शन–पूजन करने हेतु निकला। गया (बिहार), प्रयागराज समेत मथुरा–वृंदावन का दर्शन–पूजन करने के बाद यात्रियों को लेकर वापस लौटते समय वाराणसी–प्रयागराज एनएच 19 मार्ग पर मिर्जामुराद थानांतर्गत मिखारीपुर गांव के पास नींद आ जाने से आगे–आगे चल रहे ट्रक के पिछले हिस्से में जा टकराया। बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के साथ ही यात्री घायल हो गए और यात्रियों की चीख–पुकार से हड़कंप मच गया। ढाबा कर्मियों की सूचना पर थाना प्रभारी गोपाल जी कुशवाहा व खजुरी चौकी प्रभारी जगदंबा सिंह मय पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचे और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकलवा कर एंबुलेंस की मदद से जखिनी स्थित सीएचसी भेजवाया, जहां से 16 यात्रियों को शहर के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे में दुर्गा, मैली, सुखे विश्वास, सपोंदास, विश्वजीत, तोमिला, जुमाराणी, रुमाली, सपना, सुला विश्वास, सिजोई ज्योति, सकुन, लीना, प्रदीप डे, लोकखी घोष, सेफाली दास, गुरुदसी सरकार, गौरीशंकर, पूर्णिमा व माला सौदार घायल हो गए।घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

रामपथ पर साकार हुई रामायण, ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमी अयोध्या

- सातों कांडों की झांकियों में जीवंत हुई प्रभु श्रीराम की गाथा
- झांकियों में रामकथा के साथ योगी सरकार की विकास यात्रा





लखनऊ,संवाददाता। रामपथ पर रामायण साकार हो उठी। ढोल–नगाड़ों की गूंज, लोक कलाकारों की थिरकन और जय श्रीराम के उद्घोष के बीच जब रथों पर सजी झांकियां आगे बढ़ीं तो लगा मानो त्रेतायुग अयोध्या की धरती पर उतर आया हो। कहीं प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता के दिव्य स्वरूप, कहीं गदा उठाए बजरंगबली का पराक्रम। रामायण के प्रसंगों का सजीव मंचन श्रद्धालुओं को भावविभोर कर रहा था। शोभायात्रा में महिला कलाकार कंधों पर ढोल रखकर थाप दे रही थीं। नगाड़े और ताशों की गूंज के बीच कलाकारों के करतब और विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य रामपथ को उत्सव के विराट मंच में बदल रहे थे। दर्शकों की आंखों में श्रद्धा, चेहरों पर उल्लास और वातावरण में रामनाम की गूंज। दसवें दीपोत्सव की शोभायात्रा में आस्था, संस्कृति और परंपरा का ऐसा संगम दिखाई दिया, जिसने अयोध्या की भव्यता को एक नया आयाम दिया।साकेत महाविद्यालय से पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। करीब तीन किलोमीटर का सफर तय कर शोभायात्रा रामकथा पार्क पहुंची। शोभायात्रा में 21 भव्य झांकियां शामिल हैं।

इनमें 14 झांकियां योगी सरकार की उपलब्धियों और सात झांकियां रामायण के सातों कांडों पर आधारित हैं। बालकांड में रामजन्म और बाल लीलाओं से लेकर अयोध्याकांड में वनगमन, अरण्यकांड में वनवास के प्रसंग, किष्किन्धाकांड में सुग्रीव और हनुमान से मिलन, सुंदरकांड में बजरंगबली का पराक्रम, लंकाकांड में रावण के साथ युद्ध और उत्तरकांड की कथा को दृश्य रूप में प्रस्तुत किया गया। एक के बाद एक आगे बढ़ती झांकियां दर्शकों को रामायण की संपूर्ण गाथा का दर्शन करा रही थीं। जल जीवन मिशन, ओडीओपी, कृषि एवं पशुपालन, आयुष्मान कैशलेस योजना, स्वच्छ एवं हरित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत, उत्तर प्रदेश पुलिस, मिशन शक्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, आत्मनिर्भर नारी, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ और डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की झांकियों में प्रदेश की विकास यात्रा भी दिखाई दी। विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों के लोकनृत्य और पारंपरिक प्रस्तुतियों ने शोभायात्रा को सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत संगम बना दिया।शोभायात्रा की भव्यता देखकर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि दीपोत्सव अलौकिक, दिव्य और भव्य है। आज शाम होने वाला दीपोत्सव का कार्यक्रम भी अत्यंत भव्य होगा। सनातनियों के लिए इससे बड़ा गौरव का पर्व कोई हो ही नहीं सकता।

बावन पीसीएस अफसरों का प्रमोशन

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश सरकार ने 52 पीसीएस अधिकारियों को पदोन्नति देते हुए 6600 से 7600 रुपये ग्रेड पे देने का फैसला किया है। विशेष सचिव नियुक्ति अवनीश कुमार सक्सेना ने शनिवार को इस संबंध में आदेश जारी किया।इसमें दो अधिकारी 2012 बैच के सुशील प्रताप सिंह और रजनीश कुमार मिश्र हैं। 2013 बैच के हिमांशु कुमार गुप्ता, राजेश कुमार यादव, जुबेर बेग, अमित कुमार भट्ट, ममता मालवीय, राहुल यादव, विनीत कुमार सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, सुखवीर सिंह, रामजी मिश्रा, शिव प्रताप शुक्ला, वंदना त्रिवेदी, त्रिभुवन, सृष्टि धवन हैं।इसी बैच के सुरेंद्र प्रसाद यादव, पूजा मिश्रा, धीरेंद्र प्रताप, सलिल कुमार पटेल, रत्न प्रिया, मुहम्मद मोहसुल इस्लाम, अमिताभ यादव, माया शंकर यादव, गरिमा सिंह, राजेश कुमार पंचम, अमित कुमार द्वितीय हैं। 2014 बैच के दिनेश, गौरव श्रीवास्तव, सूर्यकांत त्रिपाठी, शशि भूषण राय, दीपाली भार्गव, विनय कुमार सिंह द्वितीय, अमय कुमार पांडेय द्वितीय, अमित कुमार, विवेक चतुर्वेदी, सुनील कुमार यादव, ज्योत्सना यादव, शिशिर कुमार, पूर्णिमा सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह द्वितीय, वंदिता श्रीवास्तव द्वितीय हैं।

भारद्वाज आश्रम और श्रृंगवेरपुरधाम में बनेगा दीप स्तम्भ : केशव

लखनऊ,संवाददाता। लोक संस्कृति, कला, साहित्य, परम्पराओं तथा स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं जनसामान्य को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के उद्देश्य से शुक्रवार को महर्षि भारद्वाज आश्रम, श्रृंगवेरपुर धाम प्रयागराज में भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। महर्षि भारद्वाज आश्रम, श्रृंगवेरपुर धाम के अलावा अन्य घाटों पर भी भव्य रूप से दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्कृति विभाग के द्वारा श्रृंगवेरधाम में रामचरित मानस पर आधारित चित्र पाण्डुलिपि प्रदर्शनी भी लगायी गयी थी। साथ ही लोक कलाकारों के द्वारा दोनो स्थलों पर रामकथा पर आधारित रामायण का मंचन भी किया गया।

वर्चुअल रूप से कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को भव्य एवं दिव्य रूप से आयोजित करने के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह दीपोत्सव कार्यक्रम प्रतिवर्ष और भव्य रूप से आयोजित किया जायेगा। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि आज महर्षि भरद्वाज आश्रम एवं श्रृंगवेरपुरधाम में भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हो रहा है। प्रयागराज में सांस्कृतिक धरोहर की नई परम्परा की शुरूआत हुई है।

दीपावली पर सामाजिक समरसता और सद्भावनाका संकल्प लें– नरेन्द्र कश्यप

लखनऊ,संवाददाता। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दीपावली, गोवर्धन पूजा व भाईदूज के शुभ अवसर पर देश व प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। दीपावली का यह पर्व अंधकार पर प्रकाश व असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। असत्य चाहे जितना बलवान क्यों न हो एक न एक दिन उसका अंत निश्चित है। यह मिथ्य नहीं बल्कि सत्य पर आधारित तथ्य है, जिसको कोई झुठला नहीं सकता। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा शिक्षा, आर्थिक सहायता, कौशल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है ताकि समाज के पिछड़ा वर्ग कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर समाज में सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें।

संपादकीय

संस्कृति रोकेगी प्रदूषण

दिवाली से पहले ही दिल्ली का प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंचना गंभीर चिंता का विषय है। कल्पना करना कठिन नहीं है कि दिवाली पर पटाखे छोड़े जाने के बाद क्या स्थिति होगी? कई स्थानों पर एक्यूआई का चार सौ पार कर जाना हमारे स्वास्थ्य की दृष्टि से भयावह संकट ही है। इन हालात पर सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करने के बावजूद कहा है कि पुराने उपाय नाकाफी हैं। हम बचाव की बात तब कर रहे हैं जब एक्यूआई चार सौ पार कर गया है। कोर्ट ने बार–बार कहा कि इस प्रदूषण को कम करने के लिये सांस्कृतिक बदलाव बड़ी भूमिका निभा सकता है। हम जश्न मनाएं लेकिन पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी के साथ। इसके लिये लोगों को जागरूक करने की जरूरत होगी। अदालत में चिंता जताती गई कि दिवाली के पास वाहनों के बंपर–टू–बंपर चलने, जाम लगने व बढ़ती आवाजाही से प्रदूषण की समस्या सामने आती हैं। उसके मूल में हमारे दिखावे की संस्कृति भी है। ये जो गिफ्ट देने की संस्कृति है, उसे हमने स्टेटस सिंबल बना दिया है। जिससे सड़कों में अप्रत्याशित रूप से वाहनों की आवाजाही होती है। इस प्रवृत्ति को रोकने और सांस्कृतिक बदलाव से ही समस्या का समाधान संभव है। हालांकि, प्रदूषण नियंत्रण के मद्देनजर अदालती आदेश है कि दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे एनसीआर, जिसमें हरियाणा, उत्तर प्रदेश व राजस्थान के कई जिले शामिल हैं, में सात से आठ नवंबर को सुबह छह से सात और रात को आठ से दस बजे तक ही ग्रीन पटाखे छोड़ने की अनुमति होगी। साथ ही अस्पतालों–स्कूलों के तीन सौ मीटर दायरे में रोक लगाई गई है। लेकिन सवाल यह है कि क्या हम इतने ईमानदार हैं कि इस अवधि में केवल ग्रीन पटाखे ही चलाएंगे? क्या दुकानदार ग्रीन पटाखों की आड़ में घातक पटाखे नहीं बेचेंगे? अदालत में बताया गया कि दिल्ली में प्रदूषण की ऐसी हालत है कि हवा में सांस लेना तीस सिगरेट पीने के बराबर है। दिल्ली में घातक प्रदूषण और दिवाली के मद्देनजर स्वतरू संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश वाली बैंच ने जहां गहरे तंज किए हैं, वहीं मार्गदर्शक सलाह भी दी है। बाकायदा सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची व जस्टिस वी.मोहना की पीठ ने कहा कि उम्मीद है कि आप सभी दिल्ली–एनसीआर के मौसम का आनंद ले रहे होंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता अमिकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने कोर्ट को बताया कि प्रदूषण का स्तर इतना गंभीर है कि हमारी आवाज बैठ रही है। अदालत ने बल दिया कि दिवाली मनाने के साथ–साथ प्रदूषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी जरूरी है। कोर्ट ने स्वीकारा कि सिर्फ पाबंदियां लगाने से समस्या हल नहीं होगी बल्कि इससे नियमों के उल्लंघन के मामले और बढ़ सकते हैं। दिल्ली के लोग बहुत टेलेंटेड हैं, वे नये रास्ते निकाल लेते हैं। सीजेआई ने कहा कि हमें त्योहार की पुरानी परंपराओं और रीति–रिवाजों पर फिर से गौर करने की जरूरत है। त्योहार मनाते समय हमें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का अहसास भी होना चाहिए।

बहुत दिनों से कुछ लिखा नहीं
क्या लिखूँ—गीत या ग़ज़ल
या आपबीती, दोनों का मिश्रण

जीवन आज गीत है दुःख का
तो कल ग़ज़ल होगी नशीली
तो परसों न सुलझने वाली पहेली

आज मैं हूँ, कल भी मैं ही हूँगी और कल भी मैं ही थी
बस सोच और नज़र बदलेगी
कभी मेरी कभी ज़िंदगी की

और नया दिन होगा ही
सूरज निकलेगा ही
लाल और तेज़ गरम

मेरे सपने भी जवान होंगे और ज़िंदगी हसीन
पता नहीं क्या होगा और कौन होगा साथ

पर होगा उतना ही जितना लिखा है
वक़्त मुक़र्रर है वक़्त हो तो है
आप और हम सब बौने हैं
वक़्त और वक़्त के आगे।

दो पाटन के बीच

जिस तरह पहले पक्ष–विपक्ष दोनों एक–दूसरे पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाते थे, वैसे ही अब दोनों लोकतंत्र को बचाने के लिए निकल पड़े हैं।जब तक प्रतिद्वंद्वी को यह चुनौती न दी जाए कि हम तुमसे कम हैं क्या, तब तक सच में पाला सजता नहीं है जी। वैसे तो किसी जमाने में 'हम किसी से कम नहीं' टाइप की फिल्में भी खूब बनती थीं। लेकिन वह बॉलीवुड में आई देशभक्ति की लहर से पहले का जमाना था। यह वह जमाना था, जब मां के दूध की चुनौती देते हुए मैदान में आने की ललकार लगाई जाती थी। बाद के दंगल में तो आमिर खान ने बस इतना–सा ही डायलॉग बोला था कि हमारी छोरियां, छोरों से कम हैं क्या, लेकिन फिर वही सार्वभौम सत्य के रूप में स्थापित हो गया।

खैर, इधर भाजपा यह दिखाने को मचल उठी है कि हम विपक्ष से कम हैं क्या। अगर विपक्ष लोकतंत्र बचाने का आंदोलन चला सकता है, तो हम भी लोकतंत्र बचाएंगे और वह सचमुच लोकतंत्र को बचाने निकल पड़ी। विपक्षवाले तंज कर रहे हैं कि भाई, ज्ञानेश कुमार को बचाओ न। लोकतंत्र को हमें बचाने दो।

अभी तक यह हो रहा था कि विपक्ष अगर सरकारी पक्ष पर यह आरोप लगाता था कि वह लोकतंत्र की हत्या कर रहा है, तो सरकारी पक्ष भी चुप नहीं बैठता था और पलटकर विपक्ष पर ही लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगा देता था। तो जिस तरह पहले पक्ष–विपक्ष दोनों एक–दूसरे पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाते थे, वैसे ही अब दोनों लोकतंत्र को बचाने के लिए निकल पड़े हैं। ऐसे में आप सहज ही लोकतंत्र की हालत का अंदाजा लगा सकते हैं। चाहें तो तरस भी खा सकते हैं। खैर, इधर जब विपक्ष ने यह आरोप लगाया कि एसआईआर करके चुनाव आयोग थोक में जायज मतदाताओं के नाम काट रहा है, तो भाजपा भी कैसे चुप बैठती। सो, योगी आदित्यनाथ ने भी आरोप लगा दिया कि उत्तर प्रदेश में एक करोड़ सत्ताईस लाख हिंदू मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। ऐसे में बेचारे चुनाव आयोग की क्या हालत होगी, जरा सोचिए। विपक्ष भी वही आरोप लगा रहा है और सरकारी पक्ष भी वही आरोप लगा रहा है। फिर भी विपक्ष का आरोप है कि सरकार ज्ञानेश कुमार को बचा रही है। ऐसे में ज्ञानेश कुमार यह तो नहीं कह सकते कि न काहू से दोस्ती, न काहू से बैर, क्योंकि विपक्षवाले तो सरकार से उनकी दोस्ती साबित करने पर आमादा हैं और साथ ही उनसे इस्तीफा भी मांग रहे हैं जिसका अर्थ है कि उन्होंने उनसे बैर ठान रखा है।

अलबत्ता, वे यही बात जरूर कह सकते हैं जो आम आदमी पुलिस के बारे में कहता है कि न उससे दोस्ती अच्छी, न दुश्मनी अच्छी। राजनीति करने वालों की न दोस्ती अच्छी और न दुश्मनी अच्छी। बेचारे की दो पाटन के बीच पिसने की नौबत आ गयी है। नहीं क्या? खैर, आपको दिवाली की बहुत–बहुत बधाई!

उजियारा लाने का संदेश देती दीपावली

राजीव तिवारी

दीपावली की हर युग में अपनी–अपनी पौराणिक व ऐतिहासिक कथाएं हैं। लेकिन इस त्योहार का केंद्र भगवान श्रीराम का आदर्श जीवन है। यह पर्व अहंकार, अंधकार पर जीत का संदेश देता है। दरअसल, यह केवल दीप जलाने का उत्सव नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि व मन में उजास भरने का प्रतीक है। उमंग, उल्लास, हर्ष और उत्साह का पर्व है–दीपावली। भारतीय संस्कृति का वृहद स्वरूप। भगवान धन्वंतरी जयन्ती, नरक चतुर्दशी से लेकर दिवाली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज। कुल मिलाकर पांच दिनों का पर्व। पांचों दिन उत्सव के। उत्सव कब होता है। जब हम प्रसन्न होते हैं। आत्मा नकारात्मकता को छोड़कर सकारात्मकता को अपनाती है। अंतर्मन में अंधकार का निर्वासन और प्रकाश का प्राकट्य होता है। वास्तविक उत्सव यही है।

दीपावली पर्व से कई धारणाएं और मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। सुखद आश्चर्य है कि दिवाली का जिक्र सतयुग में है, त्रेता में भी है, द्वापर में भी और कलियुग की कथाओं में भी। कठोपनिषद् में यम–नचिकेता का प्रसंग आता है। कहा जाता है कि नचिकेता यमलोक गए थे और ६ र्मराज से जीवन–मृत्यु का रहस्य पता करने के बाद, मृत्यु को जीतकर वापस संसार में लौटे थे। उनके यमलोक से आने की खुशी में लोगों ने घी के दिए जलाए थे। माना जाता है कि दीपावली मनाने और दिए जलाने की परंपरा इसी घटना से आरंभ हुई। एक अन्य गाथा के मुताबिक इसी दिन समुद्र मंथन से देवी महालक्ष्मी का प्रादुर्भाव हुआ था। किंवदंती के अनुसार, ऋषि दुर्वासा जी के श्राप के कारण श्रीलक्ष्मी जी को समुद्र में समाना पड़ गया था। संसार के लक्ष्मीविहीन होने पर असुरों ने सुरों पर आक्रमण कर दिया और आध्यात्मिक गतिविधियों को छिन्न–भिन्न कर दिया। इससे संपूर्ण विश्व पर संकट आ था। घबराए देवगणों ने श्रीहरि से याचना की। तब श्रीहरि विष्णु ने समुद्र मंथन करवाने की योजना बनाई। समुद्र मंथन से चौदहवें रत्न के रूप में श्रीलक्ष्मी निकलीं, जिनकी श्रीविष्णु ने ग्रहण किया। लक्ष्मी जी के प्रकट होने पर देवता, बल व तेजयुक्त हो गए और उन्होंने असुरों का सर्वनाश कर दिया। लक्ष्मी जी के पुनरू अवतरण की इस घटना पर समस्त लोकों में दीपमलिका प्रज्वलित की गई। इस प्रकार से दीपावली का आरंभ हुआ।

दीपावली के दिन ही भगवान कृष्ण ने प्रथम बार गाय चराकर, लोगों को गोसेवा करने का संदेश दिया था। पौराणिक गाथाओं के अलावा दीपावली के साथ कुछ ऐतिहासिक घटनाएं भी जुड़ी है जो इस पर्व का महत्व और बढ़ाती हैं। दीपावली के दिन ही आर्य समाज के प्रवर्तक स्वामी दयानंद और जैन धर्म के प्रमुख तीर्थंकर महावीर जी को निर्वाण प्राप्त हुआ था। अपने कार्यों से विश्व को अभिभूत करने वाले महान संत स्वामी रामतीर्थ का जन्म और मृत्यु का अनूठा संयोग भी दिवाली पर ही हुआ था। इसके अतिरिक्त श्रीकृष्ण द्वारा लोककल्याण हेतु गोवर्धन पर्वत धारण करने, भाई दूज पर यम द्वारा अपनी बहन यमुना से मिलने और महाराज विक्रमादित्य द्वारा विक्रमी संवत्‌ का आरंभ करने की कथाएं भी दिवाली से जुड़ी हैं। दिवाली से जुड़ी आध्यात्मिक, पौराणिक और ऐतिहासिक कथाएं अनंत हैं। इन अनंत कथाओं के कारण ही दीपावली सभी वर्गों में लोकप्रिय है। लेकिन दीपावली का केंद्र बिंदु हैं–श्रीराम।



वास्तव में दीपावली यदि जन–जन का त्योहार है तो उसका कारण हैं–श्रीराम। दीपावली से पूर्व रामलीलाओं/रामकथाओं के आयोजनों की परंपरा से ही जनमानस में दीपावली के प्रति उमंग जगती है। सही अर्थों में दीपावली संदेश देती है–भगवान राम के जीवन का अनुकरण करने और उनके संदेशों को आत्मसात कर, आत्मा को परमात्मा बनाने का। रावण द्वारा सीताहरण किए जाने के बाद श्रीराम चाहते तो रावण को कहीं से भी ढूंढ़ निकालकर दंडित कर सकते थे। यह उन जैसे महामानव के लिए कोई दुष्कर कार्य नहीं था। लेकिन उन्होंने संसार की मर्यादाओं का पालन करते हुए, वानर जैसे छोटे से छोटे चरित्रों की सहायता से जिस संयम से इस पूरी लीला को पूर्णता प्रदान की, वह अनूठी है। हनुमान, सुग्रीव, अंगद, विभीषण के प्रति आत्मीयता और उन्हें सम्मान देने की श्रीराम की प्रवृत्ति अनुकरणीय है। आज हम देखते है कि थोड़ा–सा वैभव, बल और थोड़ी–सी विद्या पाते ही मनुष्य अहंकारी हो जाता है और निर्बलों पर अत्याचार करने लगता है। भगवान राम हमें प्रेरणा देते हैं कि अहंकार रहित होकर और सभी मर्यादाओं का पालन करने में ही मानव का कल्याण निहित है। इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहा गया है। रामायण में उल्लेखित एक–एक प्रसंग हमारी धरोहर है, जिसे आत्मसात कर हम अंधकार, अहंकार और अनिष्चय की स्थिति से निकल सकते हैं। दीपावली राह दिखाती है, कि जिस तरह उच्च मूल्यों की स्थापना करते हुए श्रीराम ने रावण पर विजय प्राप्त की, उसी प्रकार हम भी अपने अंतर्मन में स्थायी रूप से बैठे दुर्विचारों को नष्ट कर अपनी आत्मा को दीपमलिका से जगमग कर सकते हैं।

दीपावली दरअसल आत्मशुद्धि का पर्व है। जब तक हमारा मन शुध्द नहीं होगा, जब तक हमारा वातावरण शुद्ध नहीं होगा। सामाजिक बुराइयों के प्रति जब तक हम जागरूक नहीं होंगे, हमारे कुविचारों का मैल जब तक नहीं धुलेगा, तब तक दिवाली मनाना, बेमानी होगा। बिना स्वच्छता, बिना प्रकाश कैसी दिवाली, और बिना दिवाली कैसा जीवन। वास्तव में दिवाली हर प्रकार के अंधकार को नष्ट करने का पर्व है। इस पर्व पर घर को साफ–सुथरा करने की परंपरा है, दीप व आतिशबाजी के माध्यम से अंधकार को जीवन से भगाने और मन को आलोकित करने की परंपरा है। हम इन सभी उपक्रमों के जरिए सांस्कृतिक परंपराएं तो निभा लेते हैं लेकिन मूल जाते हैं कि हमारी संस्कृति में दीपावली का एक अर्थ हमारे परिवेश की स्वच्छता भी है। स्वच्छता एक सकारात्मक शक्ति पुंज है, जो हमें बाहर और भीतर दोनोंओर से महकाती है। यदि हम केवल दिखावे के लिए झाड़ू हाथ में लेकर खड़े हो जाते हैं और सफाई–कर्म हमारे घर तक ही सीमित रखते हैं। तब हम दिवाली के महत्व को नष्ट करते हैं। प्रवृत्ति में सार्थक बदलाव ही दीप पर्व का वास्तविक अर्थ है। यह बदलाव यदि हम ला सके, तो इसे जीवन का चरमोत्कर्ष कहा जाएगा। इन दिनों सोशल मीडिया में एक संदेश सामने आ रहा है कि मीडिया और पर्यावरण के रखवालों को पर्यावरण बचाने की याद हमारे त्योहारों पर ही आती है। जमकर पटाखे छुड़ाओ। स्वच्छता और पर्यावरण बचाने के लिए बाकी के 364 दिन हैं।

इस प्रकार की सोच हमारे समाज के लिए घातक है। जमकर पटाखे छुड़ाएं एक नकारात्मक संदेश है, क्योंकि पटाखों से उत्पन्न, प्रदूषण हमारी सफाई व्यवस्था को नुकसान पहुंचाता है। इससे हिंदू मुसलमान नहीं, संपूर्ण समाज प्रभावित होता है। ऐसे संदेशों को फैलाने और अमल में लाने से बचें। दरअसल इन नकारात्मक विचारों और संदेशों पर विजय पाना भी दिवाली मनाने का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। ओशो कहते हैंकृआदमी एक अंधेरा है। आदमी है अमावस की रात। और दिवाली तुम बाहर कितनी ही मनाओ भीतर का अंधेरा बाहर के दीयों से कटता नहीं, कटेगा नहीं। हमारी सारी जीवन ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे, तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी।' आइए इस दिवाली हम भी संकल्प लें कि छलावायुक्त बाहरी आवरण को छोड़कर अपने अंतस को उजाले से भरेंगे।

जलते हैं वहां गंगा–जमुनी तहजीब के दीप

डा0 एमपी वर्मा

देवा शरीफ की सीख है कि दीन को मानकर जो झगड़े होते हैं, वे दीन को जानकर नहीं होते। इस दरगाह में दीपावली पर 'जो रब है वही राम है' के नारों के बीच दीये जलाकर जश्न–ए–चरागां मनाया जाता है।

दीपावली की भरपूर छटा देखनी हो तो गंगा–जमुनी तहजीब के दयार में आना चाहिए। अवध में, जहां यह सूफी संतों की दरगाहों में सबसे अधिक नजर आती है। खासकर विश्वप्रसिद्ध देवा शरीफ और किछौछा शरीफ में। देवा शरीफ उत्तर प्रदेश की वर्तमान और अवध की पुरानी राजधानी लखनऊ से बयालीस किलोमीटर तथा 'अवध का हृदय' कहलाने वाले बाराबंकी जिले के मुख्यालय से महज बारह किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जबकि किछौछा शरीफ फैजाबाद (अब अयोध्या) जिले को विभाजित करके बनाए गए अंबेडकरनगर जिले में स्थित है।

देवा शरीफ की सीख है कि दीन को मानकर जो झगड़े होते हैं, वे दीन को जानकर नहीं होते। इस दरगाह में दीपावली पर 'जो रब है वही राम है' के नारों के बीच दीये जलाकर जश्न–ए–चरागां मनाया जाने लगता है तो किसी को भी अपना हिंदू, सिख या मुसलमान वगैरह होना याद नहीं रह जाता! इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से यहां आए विभिन्न धर्मों बोलियों और भाषाओं के अनुयायी लौटते समय अपने साथ और कुछ ले जाएं या नहीं, अनेकता में एकता, शांति और सौहार्द के संदेश जरूर ले जाते हैं। यह दरगाह अवध के अपने समय के जाने–माने सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की कर्मस्थली है, जिन्हें वारिस सरकार के नाम से भी जाना जाता है। दरगाह के दरवाजे के 'कौमी एकता का दर' कहा जाता है। यहां कौमी एकता को बढ़ावा देने वाले नारे लगाए जाते हैं। कई लोग इसकी परंपराओं को अवध के नवाबों, खासकर नवाब वाजिद अली शाह और उनकी बेगम हजरत महल द्वारा पाली–पोसी जाती रही उस तहजीब से भी जोड़ते हैं, जिसमें भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं रही।

कहा जाता है कि गंगा–यमुना के इलाकों में इस तहजीब को जिन लोगों ने पाला–पोसा, उसे आगे बढ़ाने का काम मुख्यतः सूफी संतों ने ही किया। अवध में ऐसे कई सूफी संतों की जन्मस्थलियां और साधनास्थलियां स्थित हैं। इनमें मलिक मुहम्मद जायसी का नाम भी उल्लेखनीय है। जैसा कि उनके नाम से ही जाहिर है, उनका जन्म जायस में हुआ था।



दीपावली के दिन से शुरू होने वाला किछौछा शरीफ मेला चालीस दिनों तक चलता है और 'अगहन मेला' कहलाता है। इसमें देश के प्रायः हर कोने से लोग आते हैंकृ चाहे शहरी हों या ग्रामीण। इस मेले में दीपावली और एकादशी के अलावा बृहस्पतिवार के दिन को भी विशेष महत्व दिया जाता है। दीपावली की रात दरगाह स्थित 'नीर शरीफ' (सरोवर) के तट पर मोमबत्तियां और घी के दीये रोशन किए जाते हैं तथा दरगाह परिसर को खुशबूदार अगरबत्तियों से सुवासित किया जाता है। इस 'दीपोत्सव' को अगहन मेले का असली तेवर कहा जाता है। इस अवसर पर छोटे बच्चों का मुंडन भी करवाया जाता है।

गुरुस मुबारक का दो दिवसीय मेला इस मेले से अलग होता है। इसमें जलसे के बाद दरगाह के संत मखदूम अशरफ जहांगीर सिमनानी की मजार को चालीस घड़े गुलाब और केवड़े के जल से नहलाया जाता है। फिर यह जल श्रद्धालुओं में वितरित किया जाता है। इस दरगाह की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसका हर रंग सूफियाना और लासानी है। यहां प्रायः साल भर अकीदतमंदों और फकीरों का जमावड़ा लगा रहता है और कोई न कोई मेला होता रहता है।

संत मखदूम अशरफ जहांगीर सिमनानी के बारे में कहा जाता है कि उनका जन्म ईरान के सिमनान प्रांत में हुआ था और वे मात्र तेरह वर्ष की उम्र में ही वहां के शासक बन गए थे। लेकिन राजकाज में उनका मन नहीं लगा तो उन्होंने गद्दी छोटे भाई को सौंप दी और फकीरी की राह पर चल पड़े।

दुनियाभर में सूफी मत का प्रचार करते हुए वे भारत आए और किछौछा पहुंचे तो वहीं के होकर रह गए।

दरगाह का सालाना उर्स मेला मोहर्रम महीने की पच्चीसवीं से अट्ठाईसवीं तारीख तक चलता है। अट्ठाईसवीं तारीख ही संत सिमनानी के दुनिया को अलविदा कहने की तारीख भी है। उर्स के अलावा मोहर्रम का मेला भी लगता है, जो मोहर्रम की तीसरी से दसवीं तारीख तक चलता है। इस दौरान दरगाह के आस्ताने से चौकी, अलम, निशान और ताजियों के जुलूस निकलते हैं, जिनका समापन दसवीं की रात होता है। तब 'नीर शरीफ' के तट पर 'बड़े ताजिये' के साथ कई छोटे–बड़े ताजिये भी दफनाए जाते हैं। इनमें बड़ा ताजिया अकीदतमंदों द्वारा दरगाह पर चढ़ाई जाने वाली चादरों से ही बनाया जाता है।

गृह लक्ष्मियों के सशक्तीकरण पर दे ध्यान

उमेश चतुर्वेदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इतिहास में अपनी कई अनूठी पहलों के लिए याद किए जाएंगे। उनमें से ही एक अनूठी पहल है, लखपति दीदी योजना। इस योजना की शुरूआत उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के दिन 15 अगस्त 2023 को किया था। इसके तहत अगले साल के केंद्रीय बजट में इसे औपचारिक रूप से देश भर में लागू करने का प्रावधान किया गया।

दीपावली की आहट सुनाई देने लगी है। घर–दुकान से लेकर कार्यालय आदि की साफ–सफाई का दौर चल रहा है। धन की देवी की बाट ताकती दुनिया को पता है कि भले ही उनकी सवारी उल्लू है, लेकिन उनकी कृपा उसी जगह होती है। जहां स्वच्छता होती है। लेकिन यह स्वच्छता आती कैसे है? बिना उद्यम और परिश्रम के क्या सफाई संभव है। मतलब साफ है कि बिना उद्यम के लक्ष्मी का आना संभव नहीं। हमारी परंपरा में घर–परिवार की महिलाओं–कन्याओं को भी देवी का ही रूप माना जाता है। बिनु घरनी घर भूत का डेरा, हमारे यहां यह माना जाता रहा है। यानी घर में जब घरनी या महिला होती है, तो वह सिर्फ महिला, पत्नी, बेटी, बहन या मां ही नहीं रह जाती, बल्कि घर की लक्ष्मी हो जाती है। घर की लक्ष्मी जब समर्थ होती है तो परिवार खुशहाल होता है। इन्हीं संदर्भों में याद आती है भारत सरकार की लखपति दीदी योजना। मोदी सरकार की कोशिशों से अब देश में तीन करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। अब भारत सरकार का लक्ष्य है कि इस संख्या को छह करोड़ तक पहुंचाया जाए। इस योजना की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब कई दीदियां करोड़पति बन चुकी हैं या फिर उनका स्वयंसहायता समूह करोड़पति हो चुका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इतिहास में अपनी कई अनूठी पहलों के लिए याद किए जाएंगे। उनमें से ही एक अनूठी पहल है, लखपति दीदी योजना। इस योजना की का नोडल केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय है। जिसके तहत चल रही दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन को इस योजना को लागू करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों से जुड़े महिलाओं को कौशल विकास की ट्रेनिंग देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, ताकि वे सालाना कम से कम ध लाख की स्थायी आय अर्जित कर सकें। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने वाली इस योजना के तहत उन्हें एलईडी बल्ब बनाने, प्लंबिंग, ड्रोन चलाने और पिंपरिंग जैसे तकनीकी काम तो सिखाए ही जा रहे हैं, उन्हें स्थानीय स्तर पर काम करने और दस्तकारी आदि को बढ़ावा देने की भी कोशिश की जा रही है। शुरू में इस योजना के जरिए दो करोड़ महिलाओं को श्लखपति दीदीश बनाने का लक्ष्य रखा गयाँ था, जिसे फरवरी 2024 के अंतरिम बजट में बढ़ाकर तीन करोड़ कर दिया गया और यह लक्ष्य भी हासिल किया जा चुका है। इस योजना के तहत राज्य सरकारों की मदद से बैंकों से स्वयं सहायता समूहों को सस्ते दर पर कर्ज दिलाया जा रहा है। अच्छी बात यह है कि ज्यादातर दीदियां इस कर्ज से ना सिर्फ अपना काम बढ़ा रही हैं, बल्कि बैंकों को कर्ज की किस्तें भी नियमित रूप से चुका रही हैं। हाल ही में विजयवाड़ा में आयोजित दिल्ली के बाहर सरस मेले के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस लक्ष्य को छह करोड़ करने का ऐलान किया और कहा कि अगले तीन साल में इस लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। इस दस्तकारों और स्वयंसहायता समूहों द्वारा निर्मित सामानों को बाजार उपलब्ध कराने की दृष्टि से केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय 1999 से ही दिल्ली में सरस मेले का आयोजन करता रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा शुरू किए गए इस बाजार को अब तक दिल्ली में ही लगाया जाता रहा है। लेकिन इस साल पहली बार विजयवाड़ा में 13 से 31 अक्टूबर तक विजयवाड़ा में यह आयोजन किया गया। इस आयोजन में विशेष रूप से सफल लखपति और करोड़पति दीदियों के काम को प्रदर्शित किया गया। इसी आयोजन में झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले लखपति दीदी मीनू रक्षित से मुलाकात हुई। ग्यारह महिला सदस्यों की सहायता से शुरू उनके ग्रुप का टर्न ओवर अब पचास लाख सालाना से ज्यादा हो गया है। इसका असर यह हुआ है कि कभी मजदूरी करके जीने वाला उनका परिवार अब आत्मनिर्भर हो गया है और ना सिर्फ उनके परिवार में खुशहाली आई है, बल्कि उनके समूह में शामिल महिलाओं की भी स्थिति सुधरी है। साबुन बनाने से शुरू हुआ उनका काम अब 35 तरह के घरेलू उत्पाद बना रहा है और देशभर से उनके माल की मांग बढ़ रही है। कुछ ऐसी ही कहानी रही राजस्थान के बीकानेर से इस मेले में शामिल होने आई राजीविका मिशन से जुड़ी ममता की भी कहानी है। बीकानेर अपने नमकीन के लिए मशहूर पहले से ही है। ममता भी अपने घर में अपने खाने–पीने के लिए नमकीन बनाती रहीं। लेकिन लखपति दीदी योजना से जुड़ने के बाद उनके समूह की ग्यारह महिलाओं का जैसे भाग्य ही बदल गया। महज तीन साल में ही इस समूह का सालाना टर्नओवर बारह लाख से ज्यादा हो गया है। इसका असर यह हुआ है कि इस समूह की महिलाएं अपने घर की आर्थिक मदद करने लगी हैं। अपने बच्चों के खर्च के लिए उन्हें किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा। लखीमपुर से आई शमीमा की भी कुछ ऐसी ही कहानी रही। आज उनका समूह चमड़े के जूते–चप्पल बना रहा है। इस काम में उनके पति सहयोग करते हैं और उनके समूह का टर्नओवर साठ लाख को पार कर चुका है।

भारत में प्रबंधन की पढ़ाई के लिए मशहूर भारतीय प्रबंधन संस्थान यानी आईआईएम, अहमदाबाद ने हाल ही में लखपति दीदी योजना को लेकर एक शोध किया है। संस्थान ने अपने अध्ययन में देश के सत्रह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 6531 महिलाओं के काम को शामिल किया है। इस अध्ययन के मुताबिक लखपति दीदियों के परिवारों की आय में 61 फीसद तक का इजाफा देखा गया है। इसकी वजह से परिवारों की मासिक बचत में करीब 61.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। मार्च 2026 में खत्म हुए अध्ययन के अनुसार, करीब 48 प्रतिशत लखपति दीदियों के कारोबार में पिछले एक साल में विस्तार हुआ है। इसका असर यह हुआ है कि अब लखपति दीदियों के काम करने का दायरा भी बढ़ा है। अब वे एक साथ करीब–करीब दो–दो काम कर रही है।



देवरिया में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन, जिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं





लोक हस्तक्षेप संवाददाता

देवरिया। तहसील बरहज के सभागार में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना। दिवस के दौरान प्राप्त कुल 62 मामलों में से 6 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 56 शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजा गया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी औपचारिकता तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से भूमि और राजस्व विवादों के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर निष्पक्ष जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने चेताया कि लापरवाही या अनावश्यक देरी करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने भी पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की समीक्षा की और थानाध्यक्षों को संवेदनशीलता व पारदर्शिता के साथ प्राथमिकता पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक 33 शिकायतें राजस्व विभाग की आईं। इसके अलावा पुलिस की 6, विकास की 3, खाद्य एवं रसद की 5, समाज कल्याण की 4, स्वास्थ्य की 1 और अन्य विभागों की 10 शिकायतें शामिल रहीं। इस मौके पर उप जिलाधिकारी बरहज सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया गया हनुमान जी का जन्मोत्सव

संवाददाता,भाटपार रानी, देवरिया। स्थानीय नगर के सुप्रसिद्ध श्री हनुमान मंदिर में हनुमान जी का जन्मोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। बताते चलें सर्वप्रथम जन्मोत्सव भजन कीर्तन तथा पूजा अर्चन के बाद शुभारंभ हुआ भजन कीर्तन में एक से एक हनुमान जी के भक्ति तथा गायक कार्यक्रम में भाग लेकर प्रभु हनुमान जी के जन्म के बारे में तथा उनके उपलब्धियां के बारे में अनेको मनमोहन भजन कीर्तन को प्रस्तुत किया। इस दौरान मंदिर के प्रमुख पुजारी भंडारी बाबा ने भजन कीर्तन के बाद हनुमान जी की आरती आरती करके प्रसाद वितरण कार्यक्रम कराया। सभी श्रद्धालु बहुत ही प्रेम पूर्वक प्रसाद ग्रहण किया तथा हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। बता दें यह हनुमान जी का मंदिर यहां के स्थानीय निवासियों के मतानुसार यह एक पौराणिक एवं ऐतिहासिक मंदिर है, इस मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं का हनुमान जी का आशीर्वाद मिलता है और उनकी मनोकामना भी पूर्ण होती है।

दीपावली पर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा से घर में आएगी सुख-समृद्धि : आचार्य अजय शुक्ल

संवाददाता सलेमपुर, देवरिया। प्रकाश, उल्लास और खुशियों का महापर्व दीपावली इस वर्ष 8 नवंबर, रविवार को मनाया जाएगा। कार्तिक मास की अमावस्या तिथि को मनाए जाने वाले दीपावली के दिन मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और माता सरस्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है।आचार्य अजय शुक्ल ने बताया कि दीपावली केवल दीप जलाने का त्योहार नहीं है, बल्कि यह अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीराम 14 वर्ष का वनवास पूरा कर माता सीता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे थे। उनके स्वागत में अयोध्यावासियों ने दीप जलाकर उत्सव मनाया था।

आचार्य अजय शुक्ल ने बताया कि 8 नवंबर रविवार को कार्तिक अमावस्या के अवसर पर दीपावली मनाई जाएगी। मां लक्ष्मी और भगवान गणेश के पूजन का शुभ मुहूर्त शाम 5 बजकर 48 मिनट से 7 बजकर



44 मिनट तक रहेगा। प्रदोष काल शाम 5:25 से रात 8:02 बजे तक रहेगा। अमावस्या तिथि 8 नवंबर को सुबह 11:28 बजे प्रारंभ होकर 9 नवंबर को दोपहर 12:32 बजे तक रहेगी। दीपावली के दिन सुबह घर की साफ-सफाई कर मुख्य द्वार पर रंगोली बनाएं और शाम को पूजा स्थल पर चौकी रखकर लाल या पीला वस्त्र बिछाएं। चौकी पर मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करें।

सबसे पहले भगवान गणेश का पूजन करें। इसके बाद मां लक्ष्मी को पुष्प, अक्षत, रोली, चंदन, धूप, दीप, फल, मिठाई और कमल का फूल अर्पित करें। मां लक्ष्मी को खील-बताशे और मिठाई का भोग लगाएं। इसके बाद लक्ष्मी चालीसा और गणेश जी की आरती के साथ मां लक्ष्मी की आरती करें। पूजा के अंत में परिवार के सभी सदस्य सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करें। आचार्य अजय शुक्ल ने बताया कि दीपावली की शाम घर के मुख्य द्वार, पूजा स्थल, तुलसी चौरा और घर के अन्य स्थानों पर दीपक जलाने चाहिए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पटाखा दुकानों का किया निरीक्षण, सुरक्षा मानकों का लिया जायजा



देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने तहसील रुद्रपुर क्षेत्र में पटाखों की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानों पर अग्नि सुरक्षा के इंतजामों, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता तथा सुरक्षा मानकों का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पटाखों की बिक्री निर्धारित एवं सुरक्षित स्थानों पर ही सुनिश्चित कराई जाए। दुकानों पर अग्निशमन उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था रहे तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी अथवा सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसडीएम रुद्रपुर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सपा की मासिक बैठक 9 तारीख को

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

सलेमपुर, देवरिया। समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र सलेमपुर की मासिक बैठक 9 तारीख को सिंचाई विभाग के डाक बंगला पर दिन में 11 बजे होगी।

यह जानकारी विधानसभा अध्यक्ष हरे राम यादव ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में बूथ प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, जोन प्रभारी, सलेमपुर के सांसद, पूर्व विधायक, वरिष्ठ नेता, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सहित सभी साथियों से निवेदन है कि समय से पहुंचकर बैठक को सफल बनाए।

उर्वरक वितरण में अनियमितता और निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली पर होगी कार्रवाई : जिलाधिकारी

किसानों को परदर्शी व्यवस्था के तहत खाद उपलब्ध कराने के निर्देश

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने किसानों को उर्वरकों की सुचारु एवं पारदर्शी व्यवस्था के तहत उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से बरहज एवं भलुअनी विकासखंड की सात बी-पैक्स (सहकारी) समितियों पर उर्वरक वितरण व्यवस्था के औचक निरीक्षण के लिए सात जनपद स्तरीय अधिकारियों को नामित किया है। यह निर्देश बरहज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान दिए गए।





जिलाधिकारी ने नामित अधिकारियों को संबंधित समितियों पर उपलब्ध विभिन्न प्रकार के उर्वरकों की स्थिति, निर्धारित मानक के अनुसार निर्धारित मूल्य पर वितरण तथा स्टॉक में अवशेष उर्वरकों का औचक सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उर्वरक वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता, कालाबाजारी, निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली अथवा किसानों के साथ घटतौली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी समितियां नियमानुसार पारदर्शी तरीके से उर्वरक वितरण सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे उर्वरक निर्धारित मूल्य पर ही खरीदें तथा खाद खरीदते समय निर्धारित मात्रा और वजन का विशेष ध्यान रखें। यदि किसी समिति या विक्रेता द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक धनराशि मांगी जाती है अथवा तौल में घटतौली की जाती है, तो इसकी शिकायत जिला प्रशासन को अवश्य दें, ताकि संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जा सके।

जिलाधिकारी के निर्देश पर बरहज विकासखंड में विद्यालयों का औचक निरीक्षण





संवाददाता देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में तहसील दिवस, बरहज के अवसर पर क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं को परखने के लिए सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों को दो-दो विद्यालय आवंटित किए गए, जिन्होंने निर्धारित चेकलिस्ट के आधार पर स्कूलों का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में भौतिक संसाधनों, पठन-पाठन की गुणवत्ता, बच्चों के अधिगम स्तर तथा स्कूलों के शैक्षणिक वातावरण की स्थिति — सक्षम, मध्यम या संघर्षशील — का जमीनी जायजा लेना था। इसके साथ ही निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, शिक्षक संदर्शिका के उपयोग, छात्रों व शिक्षकों की डिजिटल उपस्थिति, निपुण तालिका के आच्छादन, विद्युत व्यवस्था तथा ञॉपरेशन कायाकल्प के कार्यों की वास्तविक स्थिति की भी समीक्षा की गई।

शिक्षकों के उत्साहवर्धन पर जोर

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सकारात्मक सोच के साथ विद्यालयों में जाएं। निरीक्षण का उद्देश्य मात्र कमियां निकालना नहीं, बल्कि अध्यापकों को प्रोत्साहित करना, उनका उत्साहवर्धन करना और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना होना चाहिए, ताकि शिक्षा के स्तर में और सुधार हो सके।इसी क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राम जियावन मौर्य ने प्राथमिक विद्यालय पैना पश्चिम, प्राथमिक विद्यालय पैना पूरब तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय पैना पूरब का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण में पैना पूरब विद्यालय में लगभग 90 मीटर की चहारदीवारी और मुख्य गेट न होने की बात सामने आई। शौचालय की मरम्मत के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। विद्यालय प्रांगण में उगी घास की संपूर्ण सफाई कराने तथा प्रधानाध्यापक को सभी बच्चों को नियमानुसार गणवेश में आने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए।

त्योहारों के दृष्टिगत बच्चों की उपस्थिति कुछ कम पाई गई, जिसे लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। निरीक्षण से प्राप्त फीडबैक के आधार पर शासन की मंशानुसार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

16 नवम्बर से शुरू होगी जनगणना-2027 की स्व-गणना प्रक्रिया, सीडीओ ने प्रगणकों को दिया प्रशिक्षण

संवाददाता

प्रतापगढ़। जनगणना–2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों को गति देने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रामसाधन मीना ने अफीम कोठी सभागार में प्रगणकों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने प्रगणकों को स्व–गणना की प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्रदान किया तथा जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि 16 नवम्बर से स्व–गणना की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। इसके लिए सभी प्रगणक अपने–अपने निर्धारित क्षेत्रों में उपस्थित रहकर आमजन को स्व–गणना के प्रति जागरूक करेंगे तथा उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि जनगणना–2027 में पहली बार पूरी प्रक्रिया डिजिटल एवं पेपरलेस माध्यम से संपन्न कराई जा रही है। स्व–गणना के माध्यम से नागरिक अपने मोबाइल फोन का उपयोग कर घर बैठे परिवार से संबंधित आवश्यक जानकारियां स्वयं दर्ज कर सकेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी प्रगणकों से जनगणना के इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराने तथा स्व–गणना प्रक्रिया में अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव ने स्व–गणना के महत्व एवं प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि नागरिक अपनी जनगणना स्वयं कर सकते हैं। इसके लिए मोबाइल के माध्यम से निर्धारित ऐप पर जानकारी दर्ज करनी होगी। इस प्रशिक्षण के दौरान धर्मेंद्र ओझा ने प्रोजेक्टर के माध्यम से स्व–गणना की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि सबसे पहले ऐप पर अपना मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। इसके बाद मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी को सत्यापित कर ऐप पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भरने होंगे। सभी जानकारियां दर्ज करने के बाद प्राप्त स्व–गणना आईडी को सुरक्षित रखना होगा। जब प्रगणक घर पर जनगणना के लिए पहुंचेंगे, तब उन्हें यह आईडी उपलब्ध करानी होगी, जिसके माध्यम से प्रगणक जनगणना की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। प्रगणक उपस्थित रहे।

दिव्यांगजनों के हुनर से सजा दीपावली मेला, राज्यसभा सांसद ने किया उद्घाटन

- तुलसी सदन में दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी
- दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना समाज की जिम्मेदारी : राधाकांत ओझा



संवाददाता

प्रतापगढ़। तुलसी सदन में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के तत्वावधान में श्री सेवा आश्रम ट्रस्ट द्वारा दीपावली मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्यसभा सांसद राधाकांत ओझा, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव के साथ फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। इसके पश्चात अतिथियों ने मेले में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मेले में दिव्यांगजनों एवं बच्चों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। प्रदर्शनी के माध्यम से दिव्यांगजनों की प्रतिभा, रचनात्मकता, मेहनत और आत्मनिर्भर बनने की क्षमता को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल भी वितरित की गईं जिससे उन्हें आवागमन में सुविधा मिल सके।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद राधाकांत ओझा ने कहा कि दिव्यांगजन समाज के अभिन्न अंग हैं। उनकी प्रतिभा और क्षमता को उचित अवसर एवं प्रोत्साहन देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पाद इस बात का प्रमाण हैं कि यदि उन्हें संसाधन और सहयोग मिले, तो वे अपनी मेहनत एवं कौशल से समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि मेले के माध्यम से दिव्यांगजनों की प्रतिभा को सम्मान देने तथा उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने का संदेश दिया जाता है। विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि दिव्यांगजनों को सम्मान, समान अवसर और आत्मनिर्भरता प्रदान करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजनों से दिव्यांगजनों का उत्साह बढ़ता है और उनके हुनर को पहचान मिलने के साथ ही उनके उत्पादों को भी प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्री सेवा आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष धनंजय शुक्ला ने बताया कि दीपावली महोत्सव के रूप में आयोजित इस मेले का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रदर्शित करना, उनकी प्रतिभा को पहचान दिलाना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना है। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने, उनकी प्रतिभा को सामने लाने और उनके सशक्तीकरण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कमलेश वर्मा ने कहा कि दिव्यांगजनों के हुनर को उचित मंच प्रदान करने से उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलती है।

सृष्टि के कल्याण का मार्ग है धर्माचरण - आनन्द आश्रम

महापुराण कथा विश्राम दिवस में सांसद प्रमोद तिवारी ने नैतिक आचरण पर दिया जोर।



संवाददाता

प्रतापगढ़। भैयापुर पूरे छत्तू में श्रीअष्टादश महापुराण दिव्य महायज्ञ के विश्राम दिवस पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास आनंद आश्रम जी महराज ने अठारह पुराण कथा ज्ञान की महिमा का बखान किया। विश्राम दिवस पर देर शाम राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी कथा श्रवण को पहुंचे। सांसद प्रमोद तिवारी ने व्यासपीठ का पूजन करते हुए कथावाचक आनंद आश्रम जी को श्रद्धालुओं की ओर से सम्मानित किया। कथावाचक आनंद आश्रम जी ने बताया कि श्रीमदभागवत में भगवान श्रीकृष्ण की लीला ब्रम्हाण्ड की उत्पत्ति से सृष्टि के सृजन के कल्याण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि ब्रम्हपुराण, शिवपुराण, विष्णुपुराण जैसे इन अठारह पुराणों में कथा का महत्व मनुष्य को भगवान के विभिन्न अवतारों में नैतिक कर्म के प्रति चेतना प्रदान करना है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि धर्म का मार्ग हमें अन्याय के प्रति प्रतिकार के प्रति सचेत भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अन्याय को कभी भी सहन नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक लक्ष्मीकांत पाण्डेय तथा शिवाकांत पाण्डेय, कृष्णा एवं सुषमा ने आचार्य समूह को माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। संचालन अरूण पाण्डेय ने किया। इस मौके पर पं. श्रीराम पाण्डेय, आशीष उपाध्याय अखिलेश पाण्डेय, मिथलेश पाण्डेय, धीरज सिंह, सुरेन्द्र शुक्ला, राजेन्द्र मिश्र, लालजी यादव, भुवनेश्वर शुक्ल, बबलू यादव, रामनेवाज, कैलाश यादव, ओमप्रकाश यादव, रामविलास पटेल, लालजी पटेल व विनोद पाण्डेय आदि रहे।

तेंदुए से बचाव के लिए वन विभाग ने फैलाई जागरूकता

बहराइच,संवाददाता। जिले की मोतीपुर तहसील के सुजौली रेंज स्थित अयोध्यापुरवा गांव में वन विभाग ने तेंदुए से बचाव के उपाय बताने के लिए जागरूकता गोष्ठी की। गांव में तेंदुए की गतिविधियां बढ़ने के बाद यह गोष्ठी हुई। ग्रामीणों के मुताबिक, पिछले कुछ समय से गांव में तेंदुआ दिखाई दे रहा है। वह कई पालतू मवेशियों को मार चुका है। ग्रामीणों ने परिवार और पशुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। सुजौली रेंज के वन क्षेत्राधिकारी नीरज श्रीवास्तव के निर्देशन में वन दरोगा अनिल कुमार, वन दरोगा रामनरेश और अन्य वनकर्मी गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से तेंदुए की गतिविधियों को लेकर सतर्क रहने, अकेले खेतों की ओर न जाने और बच्चों को अकेला न छोड़ने को कहा। अंधेरा होने के बाद घर से बाहर निकलते समय सावधानी बरतने की सलाह भी दी।

अभद्र भाषी राकेश राय ने किया सपा के मासिक बैठक में विवाद

संवाददाता,देवरिया। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला पर हुयी जहां क्षेत्र के चर्चित नेता विवेक सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष ब्यास यादव, राम प्रकाश यादव व विधानसभा अध्यक्ष फकरुद्दीन सहित वरिष्ठ नेता सम्बोधन कर रहे थे।

बता दें सूत्रों का कहना है कि विवेक सिंह पटेल विधान सभा 338 से उम्मीदवारी कर रहे ने जब आप सम्बोधन में कहा कि क्षेत्र के नेता 338 को पथरदेवा से तमाम लोग पार्टी का दिन रात काम कर रहे हैं। परन्तु विधानसभा पथरदेवा के मासिक बैठक की कोई सूचना विधानसभा संगठन नही दे रहा है, जबकि संगठन विचार प्रस्तुत करने से मजबूत होता है। इस दौरान अभद्र भाषी राकेश राय ने विवेक सिंह पटेल की बात को सुनकर तुम तड़ाम किया, कि तुम कौन होते हो ? यह सलाह देने वाले।

मातृभूमि का नया गाना तेरी सेक्सी ब्यूटी रिलीज, 11 साल बाद सलमान खान ने दी अपनी आवाज

सलमान खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म मातृभूमिरू मे वॉर रेस्ट इन पीस का नया गाना तेरी सेक्सी ब्यूटी रिलीज हो गया है. इस गाने को सलमान खान ने अपनी आवाज दी है. गाने में भाईजान के साथ चित्रांगदा सिंह स्क्रीन शेयर करती नजर आ रही हैं. इस ट्रैक में सलमान खान की आवाज और चित्रांगदा का ग्लैमर एक साथ उनकी रिफ्रेशिंग केमिस्ट्री के जरिए दिल जीत रहा है. सलमान खान ने बतौर प्लेबैक सिंगर फिल्म हीरो (2015) के लिए टाइटल सॉन्ग गाना गाया था और अब 11 साल बाद किसी फिल्म के लिए उनका नया गाना आया है. नई जोड़ी के रूप में यह गाना सलमान खान के साथ चित्रांगदा सिंह को दिखा रहा है, जिसमें उनकी केमिस्ट्री सबसे बड़ी



हाईलाइट बनी हुई है. गाने में चित्रांगदा जहां बेहद आकर्षक लग रही हैं, वहीं सलमान का एफर्टलेस चार्म और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस, उनकी इस नई जोड़ी को सिल्वर स्क्रीन पर देखने लायक बनाता है. ट्रैक में उनकी बॉन्डिंग इस म्यूजिकल रिलीज को फैंस के लिए बेहद एक्साइटिंग बना रही है. तेरी सेक्सी ब्यूटी को साजिद खान ने म्यूजिक देने के साथ बोल लिखे हैं, जबकि गाने की कोरियोग्राफी सीजर गोंजाल्विस ने की है. सलमान खान की आवाज के साथ, कैची बिट्स और खूबसूरत प्रेजेंटेशन के जरिए यह गाना फिल्म में ग्लैमर के साथ एंटरटेनमेंट का जबरदस्त डोज है. बता दें, सलमान खान ने बीते समय में कुछ इंडिपेंडेंट सॉन्ग गाये हैं, लेकिन फिल्म हीरो (2015) के बाद किसी फिल्म में उनका यह प्लैबैक सिंगिंग सॉन्ग है. अपूर्व लाखिया के डायरेक्शन में बनी श्मातृभूमिरू मे वॉर रेस्ट इन पीसश्च को सलमान खान फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है. यह फिल्म सैनिकों की कहानी पर बनाई गई है, जिसका फर्स्ट लुक और टीजर सामने आने के बाद से ही चर्चा में बना हुआ है. दर्शकों को फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।

श्रद्धा कपूर ने लगातार हो रही आलोचना के बीच ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब



अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर सवाल–जवाब के सेशन के दौरान फैंस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने ऑनलाइन आलोचना और नकारात्मक टिप्पणियों पर अपनी राय रखी। श्रद्धा ने कहा कि वह ऐसे कमेंट्स का जवाब देने में समय गंवाने के बजाय अपने काम पर ध्यान देना पसंद करती हैं। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब आगामी फिल्म ईथा में उनके मराठी लहजे और संवाद अदायगी को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना हो रही है। श्रद्धा से बातचीत के दौरान जब एक फैन ने पूछा कि वह आलोचनाओं से कैसे निपटती हैं तो श्रद्धा ने कहा, सच कहूं तो, मैं आलोचनाओं को संभालती ही नहीं। इसमें संभालने जैसा है ही क्या? मैं तो अपना व्हाट्सएप भी ठीक से नहीं संभाल पाती हूं। मेरा कोई मैनेजर भी नहीं है और न ही मैं किसी एजेंसी से जुड़ी हूं। मेरे दोस्त, निर्देशक और निर्माता मुझे अक्सर डांटते रहते हैं कि मैं अपना फोन चेक नहीं करती हूं। श्रद्धा ने आगे कहा, मुझे आलोचनाओं से निपटने में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं बस काम करना चाहती हूं और ज्यादा से ज्यादा काम करना चाहती हूं। बस इतना ही। बता दें श्रद्धा जल्द ही लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म ईथा में विठाबाई नारायणगांवकर का किरदार निभा रही हैं। विठाबाई लावणी और तमाशा की एक मशहूर कलाकार थीं, जिन्होंने महाराष्ट्र के लोक मनोरंजन में अहम योगदान दिया था।

सिरदर्द से परेशान हैं? जानिए कब होनी चाहिए डॉक्टर से मिलने की जरूरत

आमतौर पर सिरदर्द को सामान्य माना जाता है, लेकिन कुछ लक्षण ऐसे होते हैं, जो इसे गंभीर बना सकते हैं। कई लोग दर्द निवारक दवाओं का सेवन करके इसे नजरअंदाज कर देते हैं। इससे कई बार गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। आइए आज हम आपको ऐसे 5 संकेत बताते हैं, जिनसे पता चल सकता है कि आपका सिरदर्द सामान्य नहीं है और आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

अचानक से तेज सिरदर्द होना

अगर आपको अचानक से बहुत तेज सिरदर्द हो रहा है तो इसे नजरअंदाज न करें।

यह दिमाग के अंदर खून के थक्के बनने या अन्य गंभीर समस्याओं का संकेत हो सकता है। इस तरह के सिरदर्द को थंडर क्लैप हेडेक कहा जाता है और यह बहुत खतरनाक हो सकता है।

ऐसे में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और जरूरी जांच करवाएं ताकि समय रहते समस्या का पता चल सके और सही इलाज मिल सके।

आंखों के पीछे दर्द होना

अगर आपको सिरदर्द के साथ–साथ आंखों के पीछे तेज



दर्द हो रहा है तो इसे भी नजरअंदाज न करें।

यह आंखों की किसी बीमारी का संकेत हो सकता है। इस स्थिति में आपको तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए ताकि सही समय पर इलाज हो सके और आपकी आंखों की सेहत पर कोई बुरा असर न पड़े।

समय रहते उपचार करने से समस्या का समाधान जल्दी हो सकता है।

ज्यादा उल्टी होना

अगर आपको सिरदर्द के साथ–साथ ज्यादा उल्टी हो रही है तो यह एक चिंताजनक स्थिति हो सकती है, खासकर अगर उल्टी लगातार हो रही हो और आपके पेट में दर्द भी हो रहा हो।

ऐसे में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें ताकि सही कारण पता चल सके और उचित इलाज मिल सके।

यह लक्षण दिमाग के अंदर कोई समस्या या संक्रमण का संकेत हो सकता है, जिसे नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है।

बुखार होना

अगर आपको सिरदर्द के साथ बुखार भी हो रहा है तो इसे हल्के में न लें।

यह दिमाग की परतों के संक्रमण या अन्य गंभीर संक्रमण का संकेत हो सकता है। इस स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें ताकि सही समय पर इलाज हो सके और आपकी सेहत पर कोई बुरा असर न पड़े। समय रहते उपचार करने से समस्या का समाधान जल्दी हो सकता है और आपकी सेहत को भी सुधार सकता है।

गर्दन में अकड़न होना

अगर आपको सिरदर्द के साथ–साथ गर्दन में अकड़न भी महसूस हो रही हो तो इसे हल्के में न लें। यह दिमाग की परतों के संक्रमण या अन्य गंभीर समस्याओं का संकेत हो सकता है।

इस स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें ताकि सही समय पर इलाज मिल सके और आपकी सेहत पर कोई बुरा असर न पड़े।समय रहते उपचार करने से समस्या का समाधान जल्दी हो सकता है और आपकी सेहत को भी सुधार सकता है।

अनीश और अनस्वरा राजन रोमांटिक की फिल्म इट्लू अर्जुन का ट्रेलर रिलीज, 13 नवंबर को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

दक्षिण भारतीय सिनेमा के अभिनेता अनीश और अनस्वरा राजन अपनी आगामी रोमांटिक फिल्म इट्लू अर्जुनश्च के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। महेश उप्पाला के निर्देशन में बनी यह फिल्म 13 नवंबर को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। फिल्म के टीजर और प्रचार सामग्री को पहले ही दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल चुकी है। अब निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे अभिनेता एनटीआर ने प्रदर्शित किया और पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। एनटीआर ने सामाजिक माध्यम पर फिल्म के मुख्य अभिनेता अनीश की प्रशंसा करते हुए लिखा कि उनकी पहली फिल्म बिना एक शब्द बोले ही बहुत कुछ कह जाती है। इस तरह का किरदार चुनने के लिए काफी साहस की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि पहली ही फिल्म में ऐसा चुनौतीपूर्ण किरदार चुनना यह दर्शाता है कि अनीश अन्य चीजों से अधिक कहानी पर भरोसा करते हैं। एनटीआर ने अनीश को शानदार शुरुआत के लिए बधाई देते हुए 13 नवंबर को प्रदर्शित होने जा रही फिल्म के लिए संगीतकार थमन, अनस्वरा राजन, निर्देशक महेश उप्पाला, छायाकार राजा महेंद्रन, निर्माता वेंकी कुडुमुला और पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। फिल्म के ट्रेलर में अनीश एक मूक व्यक्ति की भूमिका में नजर आ रहे हैं। उन्होंने बिना संवादों के अपने हाव–भाव और अभिनय के माध्यम से किरदार की भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है। वहीं, अनस्वरा राजन अपने आकर्षक रूप और पर्दे पर प्रभावशाली उपस्थिति से दर्शकों का ध्यान खींचती हैं। फिल्म में मुकेश ऋषि और कलैयारासन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म का संगीत और पार्श्व संगीत थमन ने तैयार किया है, जबकि राजा महेंद्रन ने छायांकन की जिम्मेदारी संभाली है। वेंकी कुडुमुला ने अपने निर्माण संस्थान श्घाट नेक्स्ट एंटरटेनमेंट्सश्च के बैनर तले फिल्म का निर्माण किया है। अभिनेता नागार्जुन इस फिल्म को प्रस्तुत कर रहे हैं। रोमांस और भावनाओं से भरपूर इस फिल्म के ट्रेलर ने दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। खास बात यह है कि अनीश ने अपनी पहली ही फिल्म में बिना संवादों वाले चुनौतीपूर्ण किरदार को चुना है। अब दर्शकों को 13 नवंबर का इंतजार है, जब यह फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

रजनीकांत की फिल्म धर्मन में शामिल हुईं श्रीलीला



दक्षिण भारतीय फिल्मों की लोकप्रिय अभिनेत्री श्रीलीला सुपरस्टार रजनीकांत की आगामी फिल्म श्धर्मन्यश में शामिल हो गई हैं। अश्वथ मारिमुथु के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में पहली बार श्रीलीला और रजनीकांत की जोड़ी पर्दे पर नजर आएगी। फिल्म निर्माताओं ने कमल हासन के निर्माण संस्थान श्राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनलश्च के माध्यम से एक विशेष घोषणा वीडियो जारी कर श्रीलीला का फिल्म में स्वागत किया है। शिवकार्तिकेयन के साथ फिल्म श्पराशक्तिश्च के जरिए तमिल सिनेमा में कदम रखने के बाद श्रीलीला के पास कई बड़े प्रोजेक्ट हैं। वह धनुष और ममूटी की फिल्म श्ओम्श्च के अलावा अजित कुमार की फिल्म श्डेयरडेविल्श्च से भी जुड़ी हुई हैं। अब श्धर्मन्यश में उनकी एंट्री ने फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा दी है। फिल्म में पहले से ही दक्षिण भारतीय सिनेमा के कई चर्चित कलाकार शामिल हैं। खबरों के मुताबिक, इस एक्शन प्रधान मनोरंजक फिल्म में रजनीकांत एक डॉक्टर की भूमिका निभाते नजर आएंगे। हालांकि, उनका यह किरदार पारंपरिक नायक की छवि से अलग होगा और उसके व्यक्तित्व में नकारात्मक पहलू भी देखने को मिलेंगे। फिल्म में सिमरन, नयनतारा, राशि खन्ना और योगी बाबू भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। इससे पहले निर्माताओं की ओर से जारी पोस्टरों में रजनीकांत के हाथों पर खून लगा हुआ दिखाया गया था, जिसने उनके किरदार को लेकर रहस्य और रोमांच बढ़ा दिया है।

ओवन का इस्तेमाल करते समय न करें ये गलतियां, खराब हो सकता है खाना

आजकल ओवन का इस्तेमाल खाना पकाने और बेकिंग के लिए किया जाता है। हालांकि, कई लोग इस उपकरण का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पाते, जिससे उनके व्यंजन सही नहीं बन पाते। इस लेख में हम कुछ ऐसी सामान्य गलतियों के बारे में बात करेंगे, जो लोग ओवन का इस्तेमाल करते समय कर देते हैं। इन गलतियों को जानकर आप अपने ओवन का बेहतर उपयोग कर सकते हैं और अपने व्यंजनों को सेहतमंद बना सकते हैं।

ओवन को पहले से गर्म न करना

ओवन को पहले से गर्म करना बहुत जरूरी है। अगर आप बिना गर्म किए ही ओवन में खाना डाल देते हैं तो आपका खाना ठीक से नहीं पकता।

इससे न केवल आपका समय बर्बाद होता है, बल्कि आपका खाना भी खराब हो सकता है। इसलिए, हमेशा अपने ओवन को पहले से गर्म करें।

इससे आपका खाना समान रूप से पकेगा और आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। यह आदत आपके बेकिंग और खाना पकाने के अनुभव को बेहतर बनाएगी।

ओवन का तापमान बहुत अहम होता है। अगर आप सही तापमान पर ध्यान नहीं देते तो आपका खाना जल सकता है या ठीक से पक नहीं पाता।

हर व्यंजन के लिए अलग–अलग तापमान की जरूरत होती है, इसलिए रेसिपी में दिए गए तापमान का पालन करें। अगर आपको किसी व्यंजन की रेसिपी याद नहीं आ रही हो तो ओवन में खाना पकाने से पहले उसे एक बार जरूर पढ़ें।



अक्सर लोग ओवन की ट्रे को सही तरह से नहीं रखते, जिससे खाना ठीक से पक नहीं पाता। ट्रे को हमेशा बीच में रखें, ताकि गर्म हवा चारों ओर समान रूप से फैले और आपका खाना अच्छे से पके।

इसके अलावा ट्रे को बहुत ऊपर या नीचे न रखें, क्योंकि इससे भी खाना ठीक से नहीं पकेगा। सही जगह पर ट्रे रखने से आपका खाना हर बार सही बनेगा और ओवन का उपयोग करना भी आसान हो जाएगा।

बार–बार दरवाजा खोलना

ओवन का दरवाजा बार–बार खोलना एक बड़ी गलती हो सकती है। जब आप बार–बार दरवाजा खोलते हैं तो गर्म हवा बाहर निकल जाती है, जिससे खाना ठीक से नहीं पक पाता। इससे न केवल आपका समय बर्बाद होता है, बल्कि आपका खाना भी खराब हो सकता है। ओवन का दरवाजा तभी खोलें जब बहुत जरूरी हो, जैसे कि किसी व्यंजन को चेक करने के लिए।

माइकल हसी को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट में मिली बड़ी जिम्मेदारी, टी20 फॉर्मेट पर होगा फोकस

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया ने पूर्व बल्लेबाज माइकल हसी को 2027 एशेज और वनडे विश्व कप के लिए कोचिंग कंसल्टेंट नियुक्त किया है। इसके अलावा, हसी को लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 और ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टी20 सलाहकार बनाया है। हसी ने पिछले कुछ सालों में ऑस्ट्रेलिया के हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड के साथ कभी–कभी काम किया है। खासकर वह प्रतिवर्ष पर्थ टेस्ट से पहले एक अतिरिक्त बैटिंग कंसल्टेंट के तौर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ जुड़ते हैं। वह अपनी कमेंट्री भूमिकाओं और आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और द हंड्रेड में वेल्श फायर की कोचिंग टीम का हिस्सा होने की वजह से ऑस्ट्रेलिया के लिए बतौर कोच लंबा समय नहीं दे सके है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सीएसके में हसी के साथ काम करने वाले स्टीफन फ्लेमिंग जब न्यूजीलैंड



टेस्ट टीम के हेड कोच बने, तो उन्होंने हसी को अपनी कोचिंग टीम के साथ जुड़ने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन इस प्रस्ताव को इस पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने स्वीकार नहीं किया था। हसी कोचिंग कंसल्टेंट के तौर पर ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना कार्य इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से शुरू करेंगे। इसके बाद पर्थ में न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज की तैयारी में ऑस्ट्रेलिया की मदद करेंगे। इस मौके पर माइकल हसी ने कहा, मैं आने वाले वर्षों में टीम के लिए ज्यादा आधिकारिक और अर्थपूर्ण रोल निभाने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। इस टीम ने पिछले कुछ समय में बहुत कुछ हासिल किया है। मुझे उम्मीद है कि मैं इस रोमांचक और चुनौतीपूर्ण समय से पहले कोचिंग और प्लेइंग ग्रुप्स का मूल्य बढ़ा पाऊंगा। ऑस्ट्रेलिया के हेड कोच मैकडोनाल्ड ने कहा, माइक पहले भी हमारे स्टाफ का एक बहुत अहम हिस्सा रहे हैं और उनके पास काफी स्किल सेट है जो कोच और खिलाड़ियों के लिए फायदेमंद है। एक खिलाड़ी और कोच के तौर पर कई फॉर्मेट, कॉम्पिटिशन, देशों में उनकी विशेषज्ञता ही नहीं, बल्कि एक इंसान के तौर पर उनकी क्षमता भी बहुत कीमती है। हसी का मुख्य फोकस टी20 पर होगा। वह 2022 में टी20 विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड कोचिंग टीम का हिस्सा रहे हैं।

100 शतक पूरा करने के लिए कोहली के पास पर्याप्त मैच नहीं

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर का मानना है कि विराट कोहली के पास 2027 वनडे विश्व कप से पहले 100 अंतरराष्ट्रीय शतक पूरा करने के लिए ज्यादा मैच नहीं बचे। अभिषेक नायर ने जियोस्टार से कहा, मुझे नहीं लगता कि वर्ल्ड कप तक उनके पास उस उपलब्धि तक पहुंचने के लिए पर्याप्त मैच है। मैं चाहता हूं कि वह ऐसा करे, लेकिन आपको भी आगे बढ़ने के लिए काफी गेम खेलने होंगे। हो सकता है कि वह वर्ल्ड कप के बाद भी खेलना जारी रखे, लेकिन मैं वर्ल्ड कप तक के समय के बारे में सोच रहा हूं। वर्ल्ड कप के बाद, उनकी प्रेरणा शायद वैसी न रहे। नायर ने सुझाव दिया कि टीम को हार्दिक पांड्या के साथ एक और विकल्प तैयार करना चाहिए।

क्रिस लिन का एक महीने का निलंबन पूरा, बीबीएल में खेलने को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के टी20 विशेषज्ञ क्रिस लिन को कोकीन लेने के मामले में एक महीने का बैन झेलना पड़ा है। इंग्लैंड के क्रिकेट रेगुलेटर ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। बैन की अवधि अब पूरी हो चुकी है। बिग बैश लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले लिन का 18 जुलाई को इंग्लैंड में टी20 ब्लास्ट फाइनल्स डे के दौरान रूटीन एंटी–डोपिंग टेस्ट हुआ था। उस समय वह नॉर्थम्पटनशायर स्टीलबैक्स की ओर से खेल रहे थे। टेस्ट में उनका सैंपल पॉजिटिव पाया गया था। क्रिकेट रेगुलेटर ने बयान में कहा, क्रिकेट रेगुलेटर ने नॉर्थम्पटनशायर स्टीलबैक्स के पूर्व क्रिकेटर क्रिस लिन को एक महीने के लिए निलंबित किया गया है। निलंबन का समय अब पूरा हो गया है। 36 साल के लिन का कोकीन के मेटाबोलाइट बेंजॉयलेगोनिन के कम लेवल के लिए टेस्ट पॉजिटिव आया



था। उन्होंने आरोप स्वीकार कर लिया। जांच में यह माना गया कि यह कॉम्पिटिशन के बाहर इस्तेमाल का मामला था और इसका खेल के प्रदर्शन से कोई लेना–देना नहीं था। इसी वजह से उनका बैन तीन महीने की जगह 1 महीने का था। लिन ने इसके साथ ही नशे की लत से जुड़ा रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम भी पूरा कर लिया है। दाएं हाथ के इस विस्फोटक बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 18 टी20 और 4 वनडे मैच खेले हैं। वह बिग बैश लीग के इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक माने जाते हैं।

भारत–श्रीलंका के पहले वनडे मैच का बदला वेन्यू, नई दिल्ली की जगह अब विशाखापट्टनम में खेला जाएगा मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और श्रीलंका के बीच 13 दिसंबर को होने वाले पहले वनडे मैच के वेन्यू में बदलाव किया गया है। नई दिल्ली में होने वाला पहला वनडे मैच अब विशाखापट्टनम में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी है। बीसीसीआई ने बताया कि दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अनुरोध पर स्थान (वेन्यू) बदल दिया गया है, ऐसा मौसम की संभावित बाधाओं और स्टेडियम में प्रस्तावित नवीनीकरण कार्यों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। पहले एकदिवसीय मुकाबला अब विशाखापट्टनम के एसीए–वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत और श्रीलंका के बीच तीन वनडे और 3 टी20 मैचों की सीरीज खेली जानी है। वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 13 दिसंबर, जबकि दूसरा मुकाबला 16 दिसंबर को बेंगलुरु में खेला जाना है। वहीं,



तीसरा वनडे मैच 19 दिसंबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा। टी20 सीरीज की शुरुआत 22 दिसंबर से होगी। पहला मुकाबला राजकोट में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मैच 24 दिसंबर को कटक में खेला जाना है। वहीं, तीसरा टी20 मैच 27 दिसंबर को पुणे में खेला जाना है। भारतीय टीम फिलहाल न्यूजीलैंड के दौरे पर है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम इंडिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज को 3–2 से अपने नाम किया। भारतीय टीम ने सीरीज के पहले तीन टी20 मैचों में लगातार जीत दर्ज करते हुए सीरीज पर कब्जा जमाया।

वाहन खुदरा बिक्री अक्टूबर में 23.8 प्रतिशत घटकर 31.72 लाख इकाई रही : फाडा

नयी दिल्ली, एजेंसी। देश में वाहनों की खुदरा बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 23.8 प्रतिशत घटकर 31.72 लाख से अधिक इकाई रह गई। उद्योग निकाय फाडा ने यह जानकारी दी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) के आंकड़ों के अनुसार, बिक्री में यह गिरावट इसलिए भी रही क्योंकि इस साल धनतेरस और दिवाली नवंबर में पड़ रहे हैं जबकि पिछले साल नवरात्र तथा दिवाली दोनों अक्टूबर में थे। इसके अलावा, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती के बाद पिछले साल मांग में आई तेज उछाल का भी असर था। दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री अक्टूबर में 28.35 प्रतिशत घटकर 23.21 लाख इकाई रही, जबकि यात्री वाहनों की बिक्री 4.23 प्रतिशत फिसलकर 5.08 लाख इकाई पर आ गई।

पीएम मोदी के अपनेपन ने पैरा एथलीट्स का जीता दिल, अशोक मलिक को अपने हाथ से खिलाया चूरमा

नई दिल्ली, एजेंसी। एशियन पैरा गेम्स 2026 में हिस्सा लेने वाले भारतीय एथलीट्स इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले। इस दौरान पुरुषों की 65 किलोग्राम पैरा पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में सिल्वर जीतने वाले अशोक कुमार मलिक अपने साथ चूरमा लेकर आए थे। पीएम मोदी ने बड़े अपनेपन और प्यार से अशोक को अपने हाथों से चूरमा खिलाया और फिर उन्हें पास खड़े अन्य खिलाड़ियों को भी चूरमा खिलाने को कहा। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद अशोक कुमार मलिक ने बताया, यह एक बहुत ही शानदार बातचीत थी। मेरा इवेंट दो दिन पहले हुआ था, और जब मैंने सर से बात की, तो उन्होंने मुझसे कहा, आप सच में बहुत भाग्यशाली हैं। उनके ये शब्द सुनकर मुझे बहुत खुशी हुई। उन्होंने हमें आगे बढ़ते रहने और एलए गेम्स की तैयारी शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने



मुझसे यह भी कहा कि मैं जो चूरमा साथ लाया हूं, उसे अपने सभी एथलीट्स साथी के साथ बांट लूं, जिससे हम सभी को बहुत खुशी हुई। वहीं, पूजा जत्यान के साथ मिलकर महिला रिकर्व डबल्स इवेंट में सिल्वर मेडल हासिल करने वाली तीरंदाज भावना चौधरी ने पीएम से हुई मुलाकात पर कहा, प्रधानमंत्री मोदी हमेशा हमारे साथ खड़े रहते हैं। हमें ऐसा लगता है जैसे वे हमारे दोस्त हैं, जो हमारे लिए इतना कुछ कर रहे हैं, और यह जानकर बहुत अच्छा लगता है। अब एथलीट्स को बहुत सारे अवसर मिल रहे हैं। अगर आप पहले की स्थिति की आज से तुलना करें, तो अब हमें कहीं ज्यादा समर्थन मिल रहा है। दमहिलाओं की व्यक्तिगत डब्ल्यू1 तीरंदाजी स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीतने वाली स्वाति चौधरी ने कहा, भले ही मेरी उनसे सीधे बातचीत नहीं हो पाई, लेकिन उनसे मिलना ही अपने आप में बहुत शानदार अनुभव था। उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई और मन में गर्व की भावना जागी, जो भविष्य के लिए एक बड़ी प्रेरणा का काम करती है। खेलों को लेकर प्रधानमंत्री का विजन और उनके विचार न केवल सामान्य एथलीट्स के लिए, बल्कि पैरा–एथलीट्स के लिए भी बहुत बड़ा प्रोत्साहन है। प्रणव सूरमा ने देश के लिए 2 गोल्ड जीते। उन्होंने पुरुषों की डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक) एफ51/52/53 और पुरुषों की क्लब थ्रो एफ51 इवेंट में देश के लिए सोने का तमगा जीता।

एआई रेगुलेशन के डर से ग्लोबल मार्केट में गिरावट, एशिया में टेक शेयर धड़ाम

नई दिल्ली, एजेंसी। एआई के कड़े नियमन के डर और एआई से जुड़े खर्चों में संभावित कमी की आशंका से शुक्रवार को एशियाई बाजारों में भारी गिरावट आई। वॉल स्ट्रीट में भारी नुकसान के बाद टेक्नोलॉजी शेयरों में तेज बिकवाली शुरू हो गई। दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 8 प्रतिशत से ज्यादा गिर गया, जिससे ट्रेडिंग रोकनी पड़ी। बाजार दोबारा खुलने के बाद इसमें थोड़ी रिकवरी आई। इसी तरह, जापान का निक्केई भी करीब 6 प्रतिशत टूट गया। जबकि ताइवान का बेंचमार्क इंडेक्स भी 8 प्रतिशत से ज्यादा गिर गया। खास शेयरों की बात करें तो सेमीकंडक्टर और एआई से जुड़ी बड़ी कंपनियों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स करीब 10 प्रतिशत गिरा और एसके हाइनिक्स लगभग 12 प्रतिशत टूट गया। वहीं, एआई कारोबार में दुनिया के सबसे बड़े निवेशकों में से एक सॉफ्टबैंक ग्रुप भी इस सेक्टर में भविष्य के रिटर्न को लेकर चिंता के बीच 11 प्रतिशत गिर गया। विशेषज्ञों के अनुसार, इस गिरावट से बढ़ता शक दिखा कि क्या एआई इंफ्रास्ट्रक्चर, चिप्स और डेटा सेंटर में हो रहे भारी निवेश मौजूदा गति से जारी रहेंगे, अगर नियामक इस उद्योग के प्रति सख्त रुख अपनाते हैं। उन्होंने निवेशकों की पोजिशनिंग और मजबूरी में हुई बिकवाली को भी गिरावट बढ़ाने वाले कारकों के रूप में बताया। एशियाई शेयरों में बिकवाली का दबाव गुरुवार रात अमेरिकी बाजारों में तेज गिरावट के बाद आया, जहां निवेशकों को चिंता हुई कि कांग्रेस में डेमोक्रेट्स की मजबूत मौजूदगी से तेजी से बढ़ रहे एआई सेक्टर की जांच बढ़ सकती है।

कमजोर वैश्विक संकेतों से बाजार की फ्लैट शुरुआत, सेंसेक्स में 358 अंकों की बढ़त, आईटी शेयरों ने दिखाया दम

मुंबई, एजेंसी। पिछले दिनों की लगातार शानदार तेजी के बाद, अमेरिकी और एशियाई बाजारों में आई तेज गिरावट के चलते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ खुला। बीएसई सेंसेक्स अपने पिछले बंद 79,310.01 से 103.65 अंक यानी 0.13 प्रतिशत चढ़कर 79,413.66 पर खुला। हालांकि कुछ ही समय बाद इसमें और गिरावट दर्ज की गई और यह 293.95 अंक यानी 0.37 प्रतिशत गिरकर 79,016.05 के दिन के निम्नतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि बाद के कारोबार में बाजार ने फिर से रिकवरी की और यह 358.36 अंकों यानी 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 79,668.37 के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, निफ्टी 50 अपने पिछले बंद भाव 24,536.60 की तुलना में 24,538.20 पर फ्लैट 108.55 अंक या 0.44 प्रतिशत चढ़कर 24,645.15 के दिन के इंट्रा–डे हाई पर पहुंच गया।



खुला और कुछ ही देर में इसमें और गिरावट दर्ज की गई और यह 148.55 अंक या 0.60 प्रतिशत गिरकर 24,388.05 के दिन के इंट्रा–डे लो पर पहुंच गया। हालांकि बाद के कारोबार में इसने भी रिकवरी की और इस बीच, व्यापक बाजारों में कमजोरी दर्ज की गई। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 0.89 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। सेक्टोरल आधार पर सबसे ज्यादा दबाव मेटल शेयरों पर देखने को मिला, और निफ्टी मेटल इंडेक्स 1.7 प्रतिशत गिर गया। इसके अलावा निफ्टी रियल्टी में 1.56 प्रतिशत की कमजोरी दर्ज की गई। केमिकल, ऑयल एंड गैस, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी और ऑटो शेयरों में भी 1.34 प्रतिशत तक की गिरावट देखने को मिली। इसके विपरीत आईटी सेक्टर ने बाजार की धारणा को कुछ हद तक संभाला। निफ्टी आईटी करीब 2 प्रतिशत चढ़ गया। निफ्टी ऑटो, निफ्टी फार्मा, मिडस्मॉल आईटी एवं टेलीकॉम, प्राइवेट बैंक और मीडिया शेयरों में भी बढ़त दर्ज की गई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिकी बाजारों में आई भारी गिरावट का असर दुनिया के अधिकांश शेयर बाजारों पर दिखाई दे सकता है, लेकिन भारत पर इसका प्रभाव अपेक्षाकृत कम रहने की संभावना है। उनका कहना है कि नैरडैक में 5.6 प्रतिशत की तेज गिरावट डेटा सेंटर निवेश में संभावित मंदी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कारोबार की विकास दर को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण आई। विश्लेषकों का मानना है कि वैश्विक तकनीकी शेयरों में आई गिरावट और एआई आधारित निवेश थीम की रफ्तार कम होने का भारतीय बाजार को अप्रत्यक्ष लाभ मिल सकता है, क्योंकि इससे विदेशी निवेशकों की दिलचस्पी अन्य उभरते बाजारों की ओर बढ़ सकती है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का रुख भी भारतीय बाजार के लिए सकारात्मक बना हुआ है।

धनतेरस पर झूमा शेयर बाजार

नयी दिल्ली, एजेंसी। एशियाई बाजारों में भारी बिकवाली और अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद भारतीय बाजार पर इसका खास असर नहीं दिखा। अमेरिका में एआई कंपनियों पर सख्त नियमन की आशंका के बीच एआई कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली देखने को मिली। हालांकि, सेंसेक्स–निफ्टी में जोरदार तेजी के साथ कारोबार होते हुए नजर आए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,718.01 2.17 प्रतिशतअंक की बढ़त के साथ 81,028.02 के स्तर पर पहुंच गया जबकि निफ्टी 493.75 (2.01प्रतिशत अंक उछलकर 25,030.35 के स्तर पर बंद हुआ। इस उछाल के साथ निफ्टी 9 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचा गया। एशियाई बाजारों में भी गिरावट का दबाव है। दक्षिण कोरिया का झेवेल्प 8.8 प्रतिशत तक टूट गया।

एआई अगले 10 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था में जोड़ सकता है 79 अरब डॉलर : रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अगले एक दशक में भारत की अर्थव्यवस्था में 79 अरब डॉलर तक का योगदान दे सकती है। गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, एआई क्षमता के मामले में भारत 56 कॉमनवेल्थ देशों में 11वें स्थान पर है और युवाओं की बड़ी आबादी के कारण वैश्विक एआई परिदृश्य में उसकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। आयर थिंक टैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 38.2 करोड़ युवा हैं, जो कॉमनवेल्थ देशों की कुल 73.2 करोड़ युवा आबादी के आधे से अधिक हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह जनसांख्यिकीय ताकत भारत को एआई आधारित अर्थव्यवस्था के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करती है। रिपोर्ट में कहा गया है



कि भारतीय युवाओं में एआई को लेकर उत्साह काफी अधिक है। लगभग 89 प्रतिशत युवा अगले एक वर्ष के भीतर शिक्षा या रोजगार से जुड़े कार्यों में एआई का उपयोग करना चाहते हैं। वहीं 60 प्रतिशत से अधिक युवाओं ने कहा कि उन्हें एआई–आधारित उपकरणों के साथ काम करने और उनका उपयोग करने का आत्मविश्वास है। भारत के व्यापक डिजिटल बुनियादी ढांचे, मजबूत 4जी कनेक्टिविटी और दुनिया के सबसे सस्ते मोबाइल डेटा में से एक होने के कारण एआई अपनाने की क्षमता को भी बड़ा समर्थन मिला है। हालांकि रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि अभी केवल लगभग दो–तिहाई युवाओं के पास ही व्यक्तिगत मोबाइल फोन है जो डिजिटल पहुंच के क्षेत्र में मौजूद चुनौतियों को दर्शाता है। रिपोर्ट ने श्रम बाजार से जुड़े कुछ मुद्दों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया है। इसके अनुसार करीब 30 प्रतिशत युवा रोजगार, शिक्षा या प्रशिक्षण से बाहर हैं जबकि लगभग 86 प्रतिशत युवा कार्यबल असंगठित क्षेत्र में कार्यरत है।

चार साल की मंदी के बाद हीरा कारोबार में लौटी रौनक

नयी दिल्ली, एजेंसी। सोने की कीमतों में इस साल आई तेजी का असर अब ज्वेलरी बाजार पर भी दिखाई देने लगा है। महंगे सोने के कारण ग्राहकों का रुझान हीरे जड़े कम कैरेट वाले सोने के आभूषणों की ओर बढ़ रहा है। दूसरी तरफ, अमेरिका में करीब चार साल की मंदी के बाद डायमंड जूलरी की मांग में सुधार हुआ है। इससे भारतीय हीरा उद्योग को भी राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि, इस बढ़ती मांग के बीच देश के सबसे बड़े हीरा कारोबार केंद्र सूरत में कच्चे हीरों की कमी कारोबारियों के लिए नई चुनौती बन गई है। इस साल जनवरी में सोने की कीमत 1.8 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई थी। इसके बाद कीमतों में गिरावट आई लेकिन सोना अब भी पिछले साल के मुकाबले काफी महंगा है।

अक्टूबर में भारत में ऑटो रिटेल बिक्री 31.72 लाख यूनिट के पार, ईवी बिक्री ने बनाया नया रिकॉर्ड


नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के ऑटोमोबाइल क्षेत्र ने अक्टूबर 2026 में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने शुक्रवार को कहा कि देशभर में कुल वाहन खुदरा बिक्री 31,72,466 यूनिट रही, जो सितंबर की तुलना में 25.05 प्रतिशत अधिक रही, हालांकि अक्टूबर 2025 के मुकाबले 23.80 प्रतिशत कम दर्ज की गई। फाडा का कहना है कि सालाना आधार पर दिख रही यह गिरावट मुख्य रूप से पिछले वर्ष के असाधारण उच्च आधार प्रभाव का परिणाम है। अक्टूबर का सबसे बड़ा आकर्षण इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सेगमेंट रहा। ईवी खुदरा बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचकर लगभग 3.55 लाख यूनिट रही, जो एक साल पहले की तुलना में 44.88 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही कुल वाहन बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी बढ़कर लगभग 11.5 प्रतिशत हो गई, जबकि पिछले वर्ष यह करीब 6 प्रतिशत थी। दोपहिया, तिपहिया, यात्री वाहन और वाणिज्यिक वाहन, सभी श्रेणियों में अक्टूबर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ महीना रहा। फाडा अध्यक्ष साई गिरिधर ने कहा कि अक्टूबर 2025 असाधारण रूप से मजबूत महीना था, क्योंकि उस समय नवरात्रि और दीपावली दोनों एक ही महीने में आए थे।

प्रकाशक, मुद्रक एवम् संपादक विजय दुबे द्वारा 62, पार्वती नगर, पाण्डेयपुर, वाराणसी से प्रकाशित व काशी प्रिंटर्स, मिन्ट हाउस, वाराणसी से मुद्रित। समस्त विवादों को लखनऊ की सक्षम अदालतों में निपटाया जायेगा।

फोन : 91 8787220970
91 9839666352
आर.एन.आई.रू UPHIN/2008/32231
डाक पंजीयन : जी–2/न्यूज पेपर/59/2004.
E-mail: lokhastakshep@gmail.com

संपादक: विजय दुबे
कार्यकारी संपादक: दीप्ती दुबे '
संपादकीय सलाहकार : राधाकृष्ण मिश्र

'समाचारों के चयन व संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी



चीन यात्रा से लौटते ही जनसेवा में जुटे समाजसेवी रविंद्र जैन

लेजर वैली पार्क के कर्मचारियों संग बांटी दिवाली की खुशियां

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

गुरुग्राम । जब व्यक्ति के हृदय में निस्वार्थ सेवा की भावना हो, तो वह एक पल भी समाज कल्याण से दूर नहीं रह सकता। इस पंक्ति को चरितार्थ करते हुए प्रसिद्ध समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र जैन ने विदेश प्रवास से लौटते ही एक बार फिर जनसेवा की मिसाल पेश की है। हाल ही में अपनी चीन की यात्रा पूरी कर स्वदेश लौटे रविंद्र जैन ने गुरुग्राम आगमन के बाद विश्राम करने के बजाय सीधे जमीनी स्तर पर सेवा कार्य शुरू कर दिया।



यात्रा की थकान की परवाह न करते हुए वे अगले ही दिन सेक्टर–29 स्थित महाराणा प्रताप स्वर्ण जयंती पार्क (लेजर वैली पार्क) पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने पार्क की स्वच्छता, सुरक्षा और हरियाली की कमान संभालने वाले सफाई कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों (गार्डों), मालियों व अन्य सहायक कर्मचारियों के साथ दीपावली का पर्व अत्यंत धूमधाम व आत्मीयता से मनाया। इस अवसर पर रविंद्र जैन ने पार्क के सभी कर्मठ कर्मचारियों को मिष्ठान खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया और उन्हें दैनिक उपयोग के उपहार व मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवी एवं महामंत्री रविंद्र जैन एडवोकेट के साथ उनकी धर्मपत्नी नीरा जैन, लेजर वैली पार्क के चेयरमैन नारायण सिंह, प्रधान सतन पाल दायिमा, भूपेंद्र भाम्बू, सूरज शर्मा, सुरेंद्र जैन सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से कर्मचारियों को सम्मानित किया और समाज में उनके योगदान को सराहा। वहीं दूसरी ओर अहिंसा स्थल पर रतन सागर जैन परिवार द्वारा आयोजित विशाल भंडारे का रविंद्र जैन एडवोकेट ने विधिवत शुभारंभ कराया। इस धार्मिक व सामाजिक आयोजन में रतन सागर जैन परिवार के राकेश जैन, राजेश जैन, योगेश जैन तथा उनके परिवारजनों ने बढ़–चढकर सहयोग किया। रविंद्र जैन ने कहा कि अपने क्षेत्र के कामगारों और जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सच्ची दिवाली है। शहरवासियों ने उनके इस कदम की सराहना की।

सिनेमाघरों में सुबह 6 बजे से उमड़ी प्रशंसकों की भीड़

मदुरै, एजेंसी। अभिनेता सूर्या की नई तमिल फिल्म शुक्रवार सुबह पूरे तमिलनाडु के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। फिल्म के रिलीज होते ही सुबह से ही सिनेमाघरों के बाहर प्रशंसकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और ढोल–नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ जश्न मनाया गया। यह रिलीज ऐसे समय में हुई है जब तमिलनाडु सरकार ने नई रिलीज होने वाली तमिल फिल्मों के लिए एक विशेष रियायत लागू की है। सुबह 6 बजे से शो प्रदर्शित करने की अनुमति सरकारी रियायतरू राज्य सरकार के नए निर्णय के अनुसार, सिनेमाघरों को नई रिलीज होने वाली तमिल फिल्मों के शुरुआती सात दिनों तक सुबह 6रू00 बजे से विशेष शो (अर्ली मॉर्निंग शो) चलाने की औपचारिक अनुमति दी गई है।

पूर्व पार्षद महेश कुमार ने विधायक मुकेश शर्मा को दी दीपावली की शुभकामनाएं

लोकेश कुमार



गुरुग्राम। दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर नगर निगम के पूर्व पार्षद महेश कुमार ने स्थानीय विधायक मुकेश शर्मा से उनके कार्यालय पहुंचकर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विधायक को पुष्पगुच्छ भेंट कर दीपावली व प्रकाश पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं के बीच त्योहार की खुशियों के साथ–साथ क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनसमस्याओं को लेकर भी विस्तृत बातचीत हुई। पूर्व पार्षद महेश कुमार ने अपने वार्ड व आसपास के इलाकों से जुड़े विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा की और जनहित के लंबित मुद्दों की ओर विधायक का ध्यान आकर्षित किया। विधायक मुकेश शर्मा ने पूर्व पार्षद महेश कुमार की शुभकामनाओं का सहर्ष स्वीकार करते हुए उनका धन्यवाद व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे प्रेम और सौहार्द का संदेश लाते हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि सभी जनप्रतिनिधि मिलकर क्षेत्र की तरक्की और नागरिकों की सुविधाओं के लिए एकजुट होकर प्रयास जारी रखेंगे।

मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज में संकट : 38 दिनों से शिक्षक और 8 दिनों से छात्र हड़ताल पर, विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

चंडीगढ़, 7 नवंबर। मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज (पलवल–नूंह) में छात्रों और शिक्षकों की समस्याएं लगातार गंभीर होती जा रही हैं। कॉलेज के शिक्षक पिछले 38 दिनों से हड़ताल पर हैं, जबकि छात्र अपनी मांगों को लेकर पिछले 8 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। इस बिगड़ती स्थिति को देखते हुए नूंह से कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर मामले में तुरंत दखल देने की मांग की है।

मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में विधायक ने बताया कि वर्ष 2010 में हरियाणा वक्फ बोर्ड द्वारा स्थापित इस कॉलेज में 700 से अधिक छात्र इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं। वर्तमान में छात्र पीने के साफ पानी, बिजली संकट, शिक्षकों की कमी, लाइब्रेरी में किताबों के अभाव और लैब के पुराने उपकरणों जैसी बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं। वहीं, कॉलेज के करीब 100 शिक्षक और कर्मचारी समय पर वेतन न मिलने के कारण आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। विधायक आफताब अहमद ने मुख्यमंत्री के सामने छह प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें कर्मचारियों को दो महीने का लंबित वेतन तुरंत जारी करने, 2018 से बकाया डीए एरियर देने, हटाए गए गेस्ट व कांट्रैक्चुअल शिक्षकों को बहाल करने और आठवें वेतन आयोग के तहत वेतनमान लागू करने की मांग शामिल है। इसके अलावा, लंबे समय से कार्यरत शिक्षकों को प्रमोशन व इंक्रीमेंट देने और जर्जर हो चुके कॉलेज भवन व छात्रावास की मरम्मत कराने की भी अपील की गई है ताकि कॉलेज का शैक्षणिक माहौल दोबारा सामान्य हो सके।

ईरान ने अमेरिका को नया युद्धविराम प्रस्ताव भेजा

तेहरान/वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की हार के बाद ईरान युद्ध को लेकर अनिश्चितता का माहौल है। इस बीच ट्रंप ने ईरान को नई धमकी दी है। ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान में संभावित अभियान शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार है, और अमेरिकी सेना पहले की तुलना में कहीं अधिक हथियार बना रही है। इस बीच, ईरान का एक नया युद्धविराम प्रस्ताव भी सामने आया है। ट्रंप ने कहा, हम इस समय अपनी सेना में पहले से कहीं अधिक हथियार बना रहे हैं।

सत्ता की सीढ़ियां चढ़ाने वाले कार्यकर्ताओं का भाजपा ने किया सम्मान

राजेंद्र सिंह जादौन

चंडीगढ़। हरियाणा में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के बाद भाजपा ने संगठन की पुरानी पीढ़ी को फिर से सक्रिय करने और संघर्षी कार्यकर्ताओं को सम्मान देने की मुहिम शुरू की है। इसी कड़ी में धनतेरस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास पर करीब 250 वरिष्ठ एवं पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस पहल के पीछे मेहनती और निष्ठावान कार्यकर्ताओं का मान–सम्मान बढ़ाने के साथ–साथ बाकी कार्यकर्ताओं को भी मेहनत के लिए प्रेरित करना है।

हरियाणा भाजपा की प्रभारी स्मृति ईरानी के दो दिवसीय पंचकूला प्रवास के दौरान पुराने कार्यकर्ताओं को महत्व देने का संदेश दिया गया था। इसी को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता की पहल पर यह अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें उन कार्यकर्ताओं को सराहा गया, जिन्होंने वर्ष 2014 से पहले सीमित संसाधनों और चुनौतियों के बीच गांव–गांव जाकर भाजपा के संगठन को खड़ा किया था।

मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में केवल सम्मान ही नहीं किया गया, बल्कि चायपान और दोपहर के भोज के माध्यम से पुराने कार्यकर्ताओं के साथ विचार भी साझा किए गए। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेशाध्यक्ष ने संदेश दिया कि जनसंघ के समय से लेकर आज तक संगठन के लिए काम करने वाला प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के लिए वंदनीय है। सरकार और संगठन सभी के मान–सम्मान की पूरी चिंता करते हैं।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा, पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सीमा त्रिखा, पूर्व राज्यसभा सदस्य डी.पी. वत्स, पूर्व सांसद रामचंद्र जांगड़ा, वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेंद्र नाथ त्रिपाठी और प्रदेश संयोजक घुमन सिंह किरमिच सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

